**सुविचार**
राह संघर्ष की जो चलते हैं
वो ही संसार को बदलते हैं
जिसने रातों से जंग जीती, सूर्य
बनकर वही निकलता हैं।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi


08
ट्विंकल थी करण जौहर का पहला प्यार

Ranchi ● Saturday, 27 May 2023 ● Year : 01 ● Issue : 130 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 62,501.69 |
| निफ्टी | : | 18,499.35 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,720 |
| चांदी | : | 76.02 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस बरी

**JAMSHEDPUR :** चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट के जज ऋषि कुमार ने शुक्रवार को पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस को साक्ष्याभाव में बरी कर दिया। 2019 विधान सभा चुनाव के दौरान पूर्व मंत्री पर बिष्टुपुर थाना में आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। बरी होने के बाद चाईबासा न्यायालय परिसर के बाहर पश्चिम सिंहभूम जिला आजसू नेताओं ने पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस का स्वागत किया। सहिस ने कहा कि अदालत का सम्मान सभी को करना चाहिए और मैं भी करता हूं। क्योंकि, देश की न्यायिक प्रक्रिया विश्व का सर्वोच्च न्यायिक प्रक्रिया है, इसमें थोड़ी विलंब होती है लेकिन न्याय जरूर मिलता है और मुझे पूर्ण विश्वास था की मेरे साथ न्याय होगा।

### कंबोडिया के राजा नोरोडोम सिहामोनी सोमवार को आएंगे भारत


**NEW DELHI :** कंबोडिया के राजा नोरोडोम सिहामोनी 29 मई से 31 मई के बीच भारत की राजकीय यात्रा पर भारत आएंगे। छह दशक बाद कंबोडिया के राजा भारत आ रहे हैं। इससे पहले 1963 में वर्तमान राजा के पिता भारत आए थे। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) सौरभ कुमार ने शुक्रवार को एक विशेष पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजा सिहामोनी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होगी। सचिव सौरभ ने कहा कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी। भारत सरकार द्वारा कंबोडिया में हिंदू मंदिरों का जीर्णोद्धार और संरक्षण द्विपक्षीय सहयोग के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है। साथ ही भारत कंबोडिया के बारूदी सुरंगों को नष्ट करने के प्रयासों और रक्षा बलों की क्षमता निर्माण में भी मदद कर रहा है।

### खूंटी में पीएलएफआई के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**KHUNTI :** तोरपा थाना क्षेत्र की कोटेंगसेरा छाता नदी के तट पर बालू डंपिंग यार्ड के पास अवधेश यादव की जेसीबी मशीन में आग लगाने की घटना का एक सप्ताह के अंदर उद्भेदन करते हुए तोरपा पुलिस ने घटना में शामिल पीएलएफआई के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में कामडारा थाना क्षेत्र के कुली गांव के विनोद कुमार (30), तोरपा थाना क्षेत्र के ईचा ग्वार टोली के उमेश गोप (23) तथा एक नाबालिग (17) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तीनों उग्रवादियों के पास से पुलिस ने सात जिंदा गोली, दो मोबाइल, एक मोटरसाइकिल, पीएलएफआई का पर्चा तथा दो पीएलएफआई का चंदा रसीद बरामद किया गया। यह जानकारी शुक्रवार को एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी ने अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि गत 19 मई की रात दो बजे के लगभग पांच से छह अपराधी आये थे, जिसमें दो लोगो के हाथ में पिस्टल तथा बाकी के पास लाठी डंडे थे। उग्रवादियों ने अवधेश यादव के जेसीबी चालक को मारपीट कर भगा दिया था और जेसीबी में पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी थी।

# राजभवन के VISITOR BOOK में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लिखा, झारखंड आकर ऐसा लगा कि मैं अपने घर वापस आई हूं

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड आईं महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राजभवन में अपना अनुभव लिखकर गई हैं। राष्ट्रपति ने लिखा कि उन्हें यहां आकर बहुत खुशी हुई। राजभवन के विजिटर बुक में उन्होंने उपनी पुरानी यादों को जिक्र किया। झारखंड और झारखंड के लोगों को धन्यवाद दिया। साथ ही सभी के उज्जवल भविष्य की भी कामना की। राष्ट्रपति ने लिखा 'राजभवन रांची के सुंदर परिसर में आकर मुझे बहुत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। यहां प्रवेश करते ही इस भवन में बिताए 6 सालों की मधुर स्मृतियां फिर से जीवंत हो गई। मैं झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और यहां के लोगों को मेरे स्नेहपूर्ण आतिथ्य के लिए हृदय से धन्यवाद देती हूं। यहां की टीम के सभी सदस्यों और कर्मचारियों की सराहना करती हूं, जिनसे मिलकर मुझे ऐसे लगा कि मैं अपने घर वापस आई। उन सभी के उज्जवल भविष्य के लिए मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएं।'


Phone | Comments

राजभवन रांची के सुंदर परिसर में आकर मुझे बहुत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। यहाँ पर प्रवेश करते ही इस भवन में बिताए छः वर्षों की मधुर स्मृतियाँ फिर से जीवंत हो गईं। मैं झारखंड के राज्यपाल श्री सी.पी. राधाकृष्णन जी और यहाँ के लोगों को मेरे स्नेहपूर्ण आतिथ्य के लिए हृदय से धन्यवाद देती हूँ। यहाँ की टीम के सभी सदस्यों और कर्मचारियों की सराहना करती हूँ, जिनसे मिलकर मुझे ऐसा लगा कि मैं अपने घर वापस आयी हूँ। उन सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएं।
द्रौपदी मुर्मू
26.05.23

विजिटर बुक में राष्ट्रपति मंतव्य।

#### कहा– आप लोगों के प्यार ने भाव विभोर कर दिया

इसके अलावा राष्ट्रपति ने ट्वीट करके भी कहा कि झारखंड के लोगों के प्यार ने उन्हें भाव विभोर कर दिया। अपनी खुशी जाहिर करते हुए महामहिम लिखतीं हैं कि झारखंड की इस धरती को मैं प्रणाम करती हूं। आप सबके स्नेहपूर्ण स्वागत ने मुझे भाव-विभोर कर दिया है। मुझे झारखंड आकर विशेष प्रसन्नता होती है। आप सब लोगों के बीच यहां आना, मुझे अपने घर आने जैसा ही लगता है। उन्होंने यह भी लिखा कि वर्तमान झारखंड राज्य का अस्तित्व भले ही ज्यादा पुराना नहीं हो, लेकिन प्राचीन काल से ही, इस क्षेत्र की अलग पहचान रही है। भारतीय परंपरा में एक श्लोक है-

**अयस्क-पात्रे पयः पानम्, शाल-पत्रे च भोजनम्**
**शयनम् खजूरी पत्रे, झारखण्डे विधीयते।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने ट्वीट में इस श्लोक का मतलब भी समझाया है। उन्होंने लिखा कि इस श्लोक का मतलब है कि झारखंड क्षेत्र में रहने वाले लोग, लोहे के बर्तन में पानी पीते हैं, साल के पत्ते पर भोजन करते हैं और खजूर के पत्तों पर सोते हैं।

आपकों बता दें कि गुरुवार देर शाम राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया था, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित राज्य के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। शुक्रवार को अपनी यात्रा का समापन कर वे दिल्ली लौट गईं।


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को विदा करते सीएम हेमंत सोरेन ● फोटोन न्यूज

### राष्ट्रपति अपने तीन दिवसीय दौरे का समापन कर हुईं दिल्ली रवाना


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मोमेंटो देते सीएम हेमंत सोरेन ● फोटोन न्यूज

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने तीन दिवसीय दौरे का शुक्रवार को समापन कर रांची से नई दिल्ली के लिए रवाना हुईं। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई गणमान्य लोगों ने उन्हें विदा किया। इस क्रम में राष्ट्रपति ने हाथ हिलाकर जोहार बोलते हुए सभी का अभिवादन स्वीकार किया और दिल्ली रवाना हो गईं। इससे पहले उन्होंने 25 मई को देवघर में पूजा-अर्चना कर अपने तीन दिवसीय दौरे की शुरूआत की थी। इस दौरान रांची में नवनिर्मित झारखंड हाई कोर्ट भवन का उद्घाटन किया था। दूसरे दिन उन्होंने बिरसा मुंडा कॉलेज में आयोजित महिला स्वयं सहायता सम्मेलन में 25 हजार महिलाओं से संवाद किया। जबकि शाम चार बजे नामकुम में ट्रिपल आईटी के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं।

**लातेहार में नक्सलियों का तांडव**

## पोकलेन और चार ट्रैक्टरों को किया आग के हवाले


लातेहार में नक्सलियों द्वारा जलाया हुआ पोकलेन ● फोटोन न्यूज

**CRIME REPORTER LATEHAR :** लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सरनाडीह गांव के पास पुल निर्माण कार्य के साइडिंग पर गुरुवार रात नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान नक्सलियों ने पुल निर्माण कार्य में लगे एक पोकलेन तथा चार ट्रैक्टरों को जला दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस बल घटनास्थल स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार रात लगभग 10:30 बजे लगभग 15 की संख्या में हथियारबंद नक्सली पुल निर्माण स्थल पर पहुंचे थे। इस दौरान नक्सलियों ने वहां उपस्थित मजदूरों को एक तरफ बुला लिया । नक्सलियों ने निर्माण स्थल के पास खड़े मुंशी की हल्की पिटाई भी की। इसके बाद नक्सली निर्माण स्थल पर खड़े एक पोकलेन तथा चार ट्रैक्टरों को जला दिया। नक्सलियों ने इस दौरान मजदूरों को धमकी दिया कि निर्माण कार्य बंद रहेगा। यदि काम आरंभ किया गया तो इसका परिणाम भुगतना होगा। इसके बाद नक्सली घटना को अंजाम देने के बाद वहां से जंगल की ओर चले गए। निर्माण कार्य स्थल पर घटना के समय मौजूद मजदूर मोहम्मद इरफान ने बताया कि देर रात अत्याधुनिक हथियार से लैस नक्सली पुल निर्माण के पास पहुंचे और इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद शुक्रवार सुबह पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। सूत्रों की माने तो इस घटना को अंजाम माओवादी नक्सलियों ने दिया है। घटना लेवी को लेकर हुई है। इधर घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया है।

# रांची में आंधी के साथ हुई बारिश कई जगह पेड़ गिरे, गर्मी से राहत

**40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवाएं, बिजली रही गुल**

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी रांची समेत आस पास के इलाकों में शुक्रवार दोपहर जमकर बारिश हुई। इस दौरान राजधानी समेत आस पास के इलाकों में 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चली। जिससे कुछ इलाकों में पेड़ गिरने की घटना हुई। पेड़ गिरने वाले इलाकों में हरमू, हिनू, बिरसा चौक, नामकुम, पुंदाग समेत अन्य इलाके शामिल हैं। इससे इन इलाकों में बिजली बाधित रही। हालांकि शुक्रवार को हुई बारिश के बाद कुछ इलाकों में तेज धूप भी देखा गया। राजधानी रांची के साथ ही इस दौरान दुमका, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा में भी बारिश हुई। तपती गर्मी के साथ ही बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। आपको बता दें कि दोपहर में करीब पौने 1 बजे के आसपास आसमान में काले बादल घिर आये। तेज हवाएं चलने लगीं। थोड़ी ही देर में बारिश शुरू हो गयी। लोगों को गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन सड़क पर पेड़ गिरने की वजह से आने-जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक व्यवस्था गड़बड़ा गयी। मौसम विभाग की ओर से पहले ही रांची में आंधी, बारिश की चेतावनी जारी की गयी थी। विभाग ने बोकारो, गिरिडीह, खूंटी, कोडरमा, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले में भी हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा तथा वज्रपात का अलर्ट जारी किया था। इन जिलों में जहां भी वर्षा होगी, वहां 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। पूर्वी सिंहभूम में 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।


रांची के हिनू में आंधी-बारिश के वजह से कार पर गिरा विशाल पेड़, कुछ देर तक ट्रैफिक हुआ जाम ● फोटोन न्यूज

#### 30 मई छाये रहेंगे बादल

मौसम विभाग के पूर्वानुमान पदाधिकारी ने बताया है कि झारखंड में 30 मई तक आंशिक बादल छाये रहेंगे। 28 मई तक पश्चिमी तथा उत्तर पश्चिमी भागों में कहीं-कहीं वर्षा होगी। वज्रपात भी हो सकती है। अगले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है, लेकिन इसके बाद 3-4 दिनों में उच्चतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की वृद्धि होने की संभावना है। राजधानी रांची में 27 मई तक वर्षा होने की संभावना है। इसके बाद आसमान साफ हो जायेगा। हालांकि, बाद में 30 मई को फिर मौसम करवट लेगा और आसमान में बादल छाने की संभावना है।

#### तापमान में होगी गिरावट

मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दो- तीन दिनों में राज्य में तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। जहां तीन दिनों के भीतर तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक तापमान में कमी दर्ज की जायेगी। वहीं, इसके बाद तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं व्यक्त की गयी है। विभाग की मानें तो जिन इलाकों में बारिश नहीं होगी, वहां दिन के समय बादल छाये रह सकते है। वहीं, शाम में ठंडी हवाएं चलने से लोगों को राहत मिल सकती है। लेकिन जिन जिलों में बादल छाये रहेंगे, वहां लोगों को दिन के समय गर्मी का एहसास होगा।

#### बिहार से ओडिशा, झारखंड-बंगाल तक गुजर रहा है टर्फ

भारत मौसम विज्ञान विभाग के रांची स्थित मौसम केंद्र के एक वैज्ञानिक ने बताया है कि उत्तर बिहार से उत्तर ओडिशा और झारखंड-बंगाल तक एक टर्फ गुजर रहा है, जिसकी वजह से मौसम में बदलाव आया है। झारखंड के कई जिलों में कल भी आंधी-बारिश की वजह से भारी तबाही मची थी। 6 लोगों की मौत हो गयी थी। कुछ जगहों पर ओलावृष्टि भी हुई थी। हजारीबाग में 81.4 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चली। सबसे ज्यादा 78.2 मिलीमीटर वर्षा गिरिडीह के नानाडीह में हुई। उच्चतम तापमान डालटेनगंज में दर्ज किया गया। यहां का तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**याचिकाकर्ता ने पिटीशन वापस ली, कहा- हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए नहीं जाएंगे**

# SC ने संसद के इनॉग्रेशन पर याचिका नहीं सुनी

**AGENCY NEW DELHI :** नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से करवाने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने नहीं सुनी। जैसे ही याचिकाकर्ता एडवोकेट जया सुकिन ने दलीलें देनी शुरू कीं, वैसे ही कोर्ट ने कहा- समझ में नहीं आता आप लोग ऐसी याचिका लाते ही क्यों हैं? इसमें आपका क्या इंटरेस्ट है? इसके बाद याचिकाकर्ता एडवोकेट जया सुकिन ने पिटीशन वापस लेने की इजाजत मांगी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल एसजी मेहता ने कहा कि याचिका वापस लेने के बाद ये हाईकोर्ट भी जा सकते हैं। इस ऐतराज पर कोर्ट ने जया सुकिन से सवाल कि अगर आप हाईकोर्ट जाना चाहते हैं तो हम याचिका रद्द कर देंगे। इस पर सुकिन ने कहा- मैं हाईकोर्ट भी नहीं जाऊंगा। मैं नहीं चाहता याचिका रद्द हो, वरना सरकार को ऐसे इनॉग्रेशन का सर्टिफिकेट मिल जाएगा। सुकिन ने गुरुवार को यह याचिका दायर की थी। उन्होंने कहा था कि लोकसभा सचिवालय ने राष्ट्रपति को इनॉग्रेशन में न बुलाकर संविधान का उल्लंघन किया है। इनॉग्रेशन राष्ट्रपति ही करें। एडवोकेट जया सुकिन ने याचिका में कहा था कि मई को लोकसभा सचिवालय की ओर से बताया गया था कि नए संसद का



उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। संसद राष्ट्रपति और संसद के दोनों सदनों से मिलकर बनती है। राष्ट्रपति देश का प्रथम नागरिक होता है। राष्ट्रपति के पास संसद बुलाने और उसे खत्म करने की शक्ति है।

## नया संसद भवन हर भारतीय को गौरवान्वित करेगा : PM

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवनिर्मित संसद भवन परिसर का एक वीडियो साझा करते हुए शुक्रवार को कहा कि नया संसद भवन हर भारतीय को गौरवान्वित करेगा। मोदी ने ट्विटर पर वीडियो पोस्ट करते हुए, लोगों से माई पार्लियामेंट माई प्राइड हैशटैग का उपयोग करते हुए अपने वॉयसओवर के साथ वीडियो को साझा करने का भी आग्रह किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट में कहा, नया संसद भवन हर भारतीय को गौरवान्वित करेगा। यह वीडियो इस प्रतिष्ठित इमारत की एक झलक पेश करता है। मेरा एक विशेष अनुरोध है- इस वीडियो को अपने वॉयस-ओवर के साथ साझा करें, जो आपके विचारों को व्यक्त करता है। उल्लेखनीय है कि नए संसद भवन का उद्घाटन समारोह 28 मई को सुबह हवन और सर्व-धर्म प्रार्थना के साथ शुरू होगा।

## महंगाई-बेरोजगारी रोक पाने में मोदी सरकार विफल : राहुल गांधी

**AGENCY NEW DELHI :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार महंगाई, बेरोजगारी रोक पाने में विफल रही है। राहुल ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि भाजपा सरकार ने बीते 09 वर्ष में कोई काम नहीं किया। इस सरकार ने झूठे वादें कर जनता को परेशान किया है। उन्होंने कहा कि महंगाई,नफरत और बेरोजगारी के लिए प्रधानमंत्री मोदी को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। राहुल ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की बुरी हाल है। किसान परेशान हैं। मोदी सरकार किसानों की आय दोगुना करने में विफल रही है। देश में भ्रष्टाचार चरम पर है और सरकार सिर्फ चंद व्यापारियों के हित के लिए काम कर रही है। मोदी



सरकार चीन और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में विफल है। विपक्षी दलों और नेताओं के खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई की जा रही है। कोरोनाकाल में यह सरकार पूरी तरह असहाय दिखी। करोड़ो लोगों को मिसमैनेजमेंट के कारण पलायन करना पड़ा था। राहुल ने कहा कि मोदी सरकार के पास 09 वर्ष के शासनकाल में कुछ भी दिखाने को नहीं है।

# नये संसद भवन के उद्घाटन में राष्ट्रपति MURMU को नहीं बुलाने को लेकर वामदलों का विरोध मार्च

**PHOTON NEWS RAMGARH**

सीपीआई, सीपीआई (माले), मासस अन्य वाम दलों की बैठक सीपीआई कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता देवकीनंदन बेदिया ने कि बैठक में मुख्य रूप से भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि देश में मोदी की सरकार सांप्रदायिकता को बढ़ाकर हिंदुत्व के नाम पर राजनीतिक ध्रुवीकरण की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन कर्नाटक की जनता ने उन्हें नकार दिया।

28 मई को देश के नए संसद के उद्घाटन देश की महिला राष्ट्रपति को उद्घाटन से अलग रख उन्होंने अपने आदिवासी विरोधी चेहरा को उजागर किया , इसीलिए आदिवासियों अपमान किसी भी परिस्थिति में कम्युनिस्ट पार्टियां बर्दाश्त नहीं करेगी । 28 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध जताएगी ।



बैठक करते वामदलों के कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि राज्य के कन्वेंशन में राज्य में एक जन पक्षीय विकल्प बनाने की दिशा में वामदलों ने कार्यक्रम तय किया है कि 30 जून तक सभी जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन आगे प्रखंडों का सम्मेलन एवं प्रखंड एवं जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इन सारे कार्यक्रमों के सफल बनाने के लिए सभी वामदलों को एकजुट कर जन आंदोलन विकसित किया जाएगा।

जिला सचिव विष्णु कुमार, पतरातू प्रखंड सचिव मनोज यादव, नेमन यादव ,हीरा गोप, भुनेश्वर बेदिया, सोहन बेदिया,नेमन यादव, विष्णु कुमार, मनोज महतो, जयवीर हंसदा, जयनंदन गोप,बिगेन्द्र ठाकुर,विजय नंदन मिश्रा, चितरंजन महतो, मनोज मुंडा, कृष्णा बेदिया अन्य लोग उपस्थित थे।

झारखंड राज्य स्तरीय वामदल कन्वेंशन से तयशुदा निर्णय के तहत रामगढ़ जिला में वामदलों की बैठक में विचार-विमर्श के बाद जो निर्णय लिए गए हैं जो निम्न है।

1. 28 मई को नये संसद के उद्घाटन में महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्रोपदी मुर्मु को नहीं बुलाने के विरुद्ध में वामदलों का विरोध मार्च।

2. 31.05.2023 को जिला कन्वेंशन की तैयारी हेतू सभी वामदलों से 10-10 की संख्या में नेता कार्यकताओं को लेकर सीपीआई कार्यालय में बैठक होगी।

3. 18 जून 2023 को रामगढ़ जिला स्तरीय सभी वामदलों के 500 कार्यकताओं को लेकर एक कन्वेंशन क्षेत्रिय धर्मशाला में आयोजित की गई है।

जहां से जनमुद्दों पर व्यापक जन-अभियान चलाने की रुप रेखा तय की जाएगी।

### एलबीएसएम कॉलेज में समर्थ भारत और युवा शक्ति विषयक एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

# युवा सशक्त और समर्थ होगा तभी देश विकास की ओर अग्रसर होगा : डॉ महेंद्र कुमार

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR**

करनडीह स्थित लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल (एलबीएसएम) कॉलेज के वर्चुअल सभागार में शुक्रवार को समर्थ भारत और युवा शक्ति विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा ने सभी अतिथियों का स्वागत और अभिनन्दन पौधा और अंगवस्त्र भेंट कर किया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ अशोक कुमार झा ने बताया कि किस तरह स्वामी विवेकानंद ने शिकागो सम्मेलन में समर्थ भारत की अवधारणा को विश्व पटल पर रखा। भारत को विश्व गुरु के रूप मे देखने के सपने को सार्थक करने के संदर्भ में प्राचार्य ने आज के विद्यार्थियों से कहा कि आप ग्राम को, समाज को और राष्ट्र को समर्थ बनाएं। अपने भीतर कौशल विकसित करें।


संगोष्ठी में शामिल प्राचार्य व शिक्षक। ● द फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि हमारे मनीषियों द्वारा देखे गये सपनों में हमारा अपना योगदान क्या है? व्यक्तिगत उन्नति के साथ-साथ हम क्या अपने भारत के लिये कुछ कर रहे हैं या सिर्फ स्वकेंद्रित होकर रह गये हैं। इसका विद्यार्थियों को चिंतन/मनन और आत्मावलोकन करना चाहिए।

मुख्य वक्ता डॉ महेंद्र कुमार (प्रभारी उच्च शिक्षा संवर्ग, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ) ने कहा कि आज हम भारत को विश्व के श्रेष्ठ देशों के रूप में देखना चाहते हैं। जिस देश का नौजवान अपने इतिहास और भूगोल को भूल जाता है वह देश प्रायः मृतप्राय हो जाता है। उन्होंने कहा कि युवा हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। जब युवा सशक्त और समर्थ होगा तभी देश विकास की ओर अग्रसर होगा। विश्व भारत को बाजार के रूप में देखता है, किंतु भारत वसुधैव कुटुंबकम की बात करता है। यही दृष्टिकोण भारत को विश्व से अलग करता है। भारत मानवीय संवेदनाओं को समझने वाला तथा सर्वे भवंतु सुखिनः की संकल्पना वाला राष्ट्र है। उन्होंने विद्यार्थियों को भारत के अतीत पर गर्व करने के प्रति प्रेरित किया।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय से आये डॉ अभय कुमार ने कहा कि किसी भी देश की शक्ति युवा होती है। उन्होंने प्राचीन भारतीय इतिहास को पढ़ने पर जोर दिया और कहा कि देश को सही से जाने और उस पर अभिमान करें, स्वयं के कार्यों के प्रति ईमानदार रहें। इसके अलावा अन्य अतिथियों में डॉ ब्रजेश कुमार, डॉ मन्मथ नारायण सिंह (खेल प्रभारी, कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा), डॉ शिप्रा मिश्रा तथा डॉ राजीव कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मंच संचालन डॉ विजय प्रकाश तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ पुरुषोत्तम प्रसाद ने किया।

संगोष्ठी में डॉ पीके गुप्ता, डॉ डीके मित्रा, प्रो विनोद कुमार, डॉ अजेय वर्मा, प्रो संतोष राम, डॉ अरविंद पंडित, डॉ शबनम परवीन, डॉ सुधीर सुमन, डॉ प्रशांत, प्रो मोहन साहू, डॉ रानी, प्रो प्रमिला किस्कू, डॉ नूपुर रॉय, प्रो सलोनी रंजने, प्रो चंदन जायसवाल, प्रो बाबूराम सोरेन, प्रो शिप्रा बोयपाई समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पुरश्री की सदस्यों ने की मुलाकात


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करती पुरश्री की सदस्यों । ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI**

राजभवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पुरश्री की सदस्यों ने मुलाकात की। पुरश्री की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ (गोल्डन जुबली) का आयोजन 2024 में किया जा रहा है इस कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति को आमंत्रित किया जा रहा है।

पुरश्री की इकाई दीपशिखा बौधिक विकलांगता के क्षेत्र में 35 वर्षों से शिक्षण प्रक्षिक्षण एवं पुनर्वास के लिए कार्य कर रहे हैं। उसी प्रकार आदिवासी बौधिक विकलांगता वाले बच्चों के लिए काम करना चाहते हैं इसके लिए हम माननीय राष्ट्रपति से मार्गदर्शन चाहते हैं। हम महिला सशक्तिकरण के लिए काम करने वाली संस्था हैं जो पिछले 49 वर्षों से रांची में कार्य कर रहे हैं। इस प्रकार हम आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाना चाहते है और समावेशी विकास में अपना योगदान देना चाहते हैं।

संस्था के पदाधिकारियों ने झारखंड में दिव्यांग बच्चों की वर्तमान स्थिति से महामहिम राष्ट्रपति को अवगत कराया गया तथा 10 विन्दुओं का मेमोरेंडम सौंपा। पुरश्री की इकाई दीपशिखा के विशेष बच्चों के द्वारा बनाया गया दीया, बैग, बकुमार्क एवं अन्य सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान कर महामहिम को सम्मानित किया गया।

मौके पर संस्था की ओर से प्रियंका जालान- अध्यक्षा, रश्मि कनोई- सचिव, मंजू गुप्ता कार्यकारी सदस्या, सुधा ल्हीला कार्यकारी सदस्या एवं मोनिका जालान उपस्थित थीं।

# संताल परगना प्रमंडल स्तरीय कृषि विभाग की बैठक में बादल पत्रलेख ने दिए कई निर्देश

**PHOTON NEWS DUMKA**

संताल परगना प्रमंडलीय स्तरीय कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग एवं मत्स्य विभाग की शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने किया। बैठक में बीज उठाव एवं वितरण, मिलेट मिशन, कृषि ऋण माफी योजना, सुखाड़ राहत योजना, कृषि आधारभूत संरचना, किसान पाठशाला के लिए जमीन चिन्हित करना आदि विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई।

मंत्री ने कहा कि ससमय बीच उठाव कर किसानों के बीच वितरण किया जाये। उन्होंने कहा कि बीज वितरण में लैप्स पैक्स, स्वयं सहायता समूह की सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए। योग्य एवं सही किसानों तक योजना का लाभ मिले। इसके लिए पूरी पारदर्शिता के साथ बीज वितरण किया जाये। उन्होंने बीज वितरण अभियान को संतोषजनक नहीं बताया। उन्होंने पंचायत स्तर पर मुखिया एवं ग्राम प्रधान को भी शामिल करने का निर्देश दिया।


बैठक में उपस्थित कृषि मंत्री बादल पत्रलेख व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन कर किसानों के बीच बीज कीट का वितरण किया जाये। किसी प्रकार की समस्या नहीं हो इसके लिए जिला प्रशासन ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। बीज वितरण के उपरांत उसकी एक रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। सुखाड़ राहत योजना अंतर्गत जल्द से जल्द लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। मंत्री ने कृषि ऋण माफी योजना के अंतर्गत ईकेवाईसी का लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि किसान पाठशाला के लिए अपने-अपने जिले से जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव भेजा जाये। सॉइल हेल्थ कार्ड, एग्री क्लीनिक के लिए मंत्री के पास प्रस्ताव रखा गया।

बैठक में डीसी रविशंकर शुक्ला समेत सभी जिले के कृषि पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# झारखंड प्रभारी ने सभी जिलों में कांग्रेस को सशक्त एवं मजबूत बनाने का दिया निर्देश

**PHOTON NEWS RANCHI**

कांग्रेस महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय ने सभी जिलों में संगठन को बूथ स्तर पर धारदार, सशक्त एवं मजबूत बनाने का दिशा-निर्देश दिया। झारखंड प्रदेश कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने दिल्ली में प्रदेश प्रभारी से मिलने के बाद शुक्रवार को यह जानकारी दी।

ब्रजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रभारी अविनाश पांडे से दिल्ली स्थित एआईसीसी कार्यालय में मुलाकात के दौरान प्रदेश में संगठनात्मक मजबूती एवं प्रदेश के सभी जिलों में गंभीरता के साथ संगठन में अनुशासन को प्रभावी बनाने एवं मिशन 2024 के तहत लोकसभा चुनाव के सिलसिले में विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए।


अविनाश पांडेय से मुलाकात करते ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह। ● द फोटोन न्यूज

झारखंड प्रभारी ने निर्देश दिया कि संगठन में अनुशासन बनाए रखना बहुत जरूरी है। सभी जिलों में अनुशासन समिति इस पर नजर बनाए रखे। जिलों में अनुशासन को प्रभावी बनाने एवं कायम रखने के लिए प्रदेश अनुशासन समिति गंभीर है। उन्होंने कहा कि संगठन में अनुशासनहीनता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठन विरोधी कार्य करने एवं पार्टी के शीर्ष नेताओं एवं पार्टी के विचारधारा के विरोध में सार्वजनिक तौर पर सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं अखबारों में बयानबाजी किया जाना पार्टी संविधान के विरुद्ध एवं अनुशासनहीनता में आता है।

### रांची सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष अजय शाह समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

# PM Narendra Modi की कार्यशैली से प्रभावित होकर लगातार भाजपा में शामिल हो रहे लोग : दीपक

**PHOTON NEWS RANCHI**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को महानगर जिला के मिलन समारोह में रांची सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष अजय साह समर्थकों के साथ कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने शाह को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली से प्रभावित होकर लोग भाजपा में लगातार शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कार्यकताओं से केन्द्र की मोदी सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धि की जानकारी जनता तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य सामने है और 2024 के चुनाव में तीसरी बार केन्द्र में मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाना है।



कार्यक्रम में समर्थकों के साथ अजय शाह। ● द फोटोन न्यूज

अजय शाह ने कहा कि रांची सीडब्ल्यूसी 11 अप्रैल, 2022 में ज्वाइन किया था। उन्होंने कहा कि सीडब्ल्यूसी फुल टाइम एम्प्लॉयमेंट नहीं है। जुवेनाइल जस्टिस एक्ट सेक्शन 88(5) के तहत सीडब्ल्यूसी का मेंबर किसी भी सीसीआई (चाइल्ड केयर होम) या शेल्टर होम से जुड़ा नहीं होना चाहिए। साथ ही किसी भी पॉलिटिकल पार्टी में पोस्ट होल्डर नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी वो सिर्फ भाजपा के सदस्य बने हैं। पार्टी में किसी तरह का कोई पोस्ट नहीं लिया है।

अजय साह युवा कांग्रेस में लंबे समय से रहे हैं। वो झारखंड और महाराष्ट्र में युवा कांग्रेस और एनएसयूसीआई के कई अहम पदों पर रहे हैं। राजनीति के अलावा अजय साह शिक्षाविद भी हैं। राजनीतिक और नैतिक विज्ञान के बतौर शिक्षक अजय साह राजधानी में एक कोचिंग संस्थान से भी जुड़े हुए हैं। इससे पहले भारत सरकार के ऑडिट विभाग में भी अजय साह कार्य कर चुके हैं, जहां से उन्होंने इस्तीफा देकर युवा कांग्रेस ज्वाइन किया था।

महानगर भाजपा अध्यक्ष केके गुप्ता ने अजय साह के पार्टी में सम्मिलित होने पर खुशी जताते हुए कहा कि आने वाले समय में भाजपा में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। भाजपा में शामिल होने वालों में चाणक्य आईएएस एकेडमी के सीईओ अभिनव मिश्रा, अधिवक्ता संजय साह, राजवर्धन, प्रवीण शंकर, ओम प्रकाश, ब्रजेश झा, वसीम खान, मिराज खान, राजेश प्रसाद ,शुभम झा, उज्ज्वल गुप्ता, अजय शर्मा, अभिजीत राज, अनीश देव, प्रखर लोहिया, रौशन गोनू, विशाल, उमाशंकर सहित अन्य शामिल हैं।

## BRIEF NEWS

### केयू की पूर्व कुलपति ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करती केयू की पूर्व कुलपति। ● द फोटोन न्यूज

**RANCHI :** कोल्हान विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. शुक्ला माहांती ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने झारखंड दौर के व्यस्त कार्यक्रम के बीच डॉ. शुक्ला माहांती को विशेष तौर पर वार्ता का समय दिया था। राष्ट्रपति ने कहा कि आप प्रदेश में नारी शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में पूरी उर्जा से काम करती रहें। दरअसल, झारखंड के राज्यपाल के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान द्रौपदी मुर्मू राज्य के सभी विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति रहीं। इस दौरान डॉ. शुक्ला माहांती ने उनके निर्देशन में कार्य किया था। यह मुलाकात रांची में हुई।

### मांडू विधायक जेपी पटेल ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरम्मत कार्य का उद्धघाटन

**RAMGARH :** हजारीबाग जिला के चुरचू प्रखंड अंतर्गत चरही पंचायत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चरही के मरम्मती कार्य जो लगभक 39 लाख का है,जिसका विधिवत उद्धघाटन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय श्री जय प्रकाश भाई पटेल जी के द्वारा किया गया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य बासुदेव करमाली, मुखिया संघ के अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत के लोकप्रिय मुखिया देवकी महतो, भाजपा चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी, पूर्व उप प्रमुख चौलेश्वर महतो, चरही उप मुखिया अभिजीत सिंह,भाजपा विधायक प्रतिनिधि बिना मिश्रा, चरही पंचायत समेति सदस्य सह भाजपा मंडल अध्यक्ष आसा राय,भाजपा महामंत्री चुरचू रोहित महतो,मंटू कुमार सिंह,भोला महतो, फुलेश्वर महतो, रोशनी देवी,उप मुखिया दसरत महतो, गुड़िया देवी,सोनी महतो आरती देवी,सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही पलामू के एमपी एमएलए कोर्ट से हुए रिहा

**PALAMU :** पलामू व्यवहार न्यायालय के एमपी-एमएलए कोर्ट में शुक्रवार को भवनाथपुर के भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही आचार संहिता उल्लंघन मामले में पेश हुए। पेशी के बाद सुनवाई के दौरान अदालत ने रिहा करने के आदेश पारित किया। यह फैसला न्यायालय के न्यायिक दण्डाधिकारी सतीश कुमार मुंडा ने सुनाया। शाही पर आरोप था कि वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने बगैर अनुमति के भवनाथपुर विधानसभा चुनाव क्षेत्र में खरौंधी मध्य विद्यालय के मैदान में लाउडस्पीकर का प्रयोग किया था। इस मामले में तत्कालीन अंचलाधिकारी ने 10 अक्तूबर 2014 को आदर्श चुनाव संहिता के उल्लंघन के प्राथमिकी पुलिस में दर्ज कराई थी। तब शाही भारत नौजवान संघर्ष मोर्चा के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड रहे थे। न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में शाही को रिहा करने के आदेश दिया।

### राष्ट्रपति से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करता भाजपा का प्रतिनिधिमंडल। ● द फोटोन न्यूज

**RANCHI :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शुक्रवार को राजभवन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मिला। मिलने वालों में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव, प्रदेश मंत्री एवं विधायक नवीन जायसवाल, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, समरी लाल, प्रदेश कार्यालय मंत्री हेमंत दास शामिल थे।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व अन्य ● द फोटोन न्यूज

**RANCHI :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शुक्रवार को मुलाकात कर उनका अभिवादन करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य की मंगलकामना की। ठाकुर ने राष्ट्रपति से कहा कि आप इस बात से भली भांति अवगत हैं कि झारखंड प्रदेश के आदिवासियों की ओर से लंबे समय से अलग सरना धर्म कोड की मांग केंद्र सरकार से की जा रही है। झारखंड प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों के विभिन्न आदिवासी समूह भी अपने विशिष्ट पहचान एवं अस्तित्व के रक्षार्थ एकजुटता से अलग सरना धर्म कोड की मांग पूरी प्रतिबद्धता से उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में वर्तमान गठबंधन की सरकार की ओर से 11 नवम्बर 2020 को विधानसभा से सर्वसम्मति से सरना धर्म कोड बिल पारित कर केंद्र सरकार को भेजा गया है। लेकिन केंद्र सरकार की ओर से अब तक इस विषय पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई है। आप सविधान के सर्वोच्च पद पर आसीन हैं, यह सरना धर्म कोड की मांग करने वालों के लिए सौभाग्य की बात है। प्रदेश अध्यक्ष के साथ राष्ट्रपति से मिलने वालों में प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सांसद गीता कोड़ा, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, पूर्व मेयर रमा खलखो, प्रदेश महासचिव अमुल्य नीरज खलखो शामिल थे।

### राज्य में बिजली संकट के लिए सीपी सिंह ने हेमंत सरकार को ठहराया कसूरवार

**RANCHI :** रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह ने शुक्रवार को राज्य में व्याप्त बिजली संकट को लेकर हेमंत सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता भयंकर बिजली संकट झेल रही है। यहां नियमित अंतराल में बिजली कट रही है। कुछ इलाकों में घंटों में बिजली गुल रहती है। सिंह ने हेमंत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इतनी भीषण गर्मी में राजधानी रांची में उत्पन्न घोर बिजली-पानी संकट से जनता के बीच हाहाकार मचा हुआ है लेकिन सरकार सोई हुई है। राज्य सरकार ने बिजली न्यूनतम दर पर देने का वायदा किया था लेकिन राज्य सरकार ने आपूर्ति ही न्यूनतम कर दी। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य है की जब-जब हेमंत सरकार सत्ता में आती है तब-तब यही स्थिति उत्पन्न होती है।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Saturday, 27 May 2023

BRIEF NEWS

## झारखंड में एक जून से चलेगा चाइल्ड लेबर रेस्क्यू ड्राइव

RANCHI : बाल मजदूरी की रोकथाम और उन्मूलन के लिए एक से 30 जून तक चाइल्ड लेबर रेस्क्यू ड्राइव चलेगा। यह अभियान रेलवे एरिया में चलेगा। इस संबंध में राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग के चेयरमैन प्रियांक कानूनगो ने बताया कि बाल श्रम के मामले में चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) के स्टेटमेंट के आधार पर ही पुलिस प्राथमिकी दर्ज करेगी। अलग से पुलिस को किसी भी तरह का बयान लेने की जरूरत नहीं होगी। इस संबंध में एनसीपीसीआर डीजीपी को पत्र लिखेगा। पुलिस के साथ ही आम लोग भी चाइल्ड लेबर का रेस्क्यू कर सकते हैं। इसमें किसी भी प्रकार की परमिशन की जरूरत नहीं होगी। यदि कोई भी व्यक्ति किसी बच्चे को रेस्क्यू करता है तो फिर उसके बाद उसे सीडब्ल्यूसी के सामने प्रस्तुत करना होगा।

## आइएमए भवन में इस्कान का मेगा यूथ फेस्टिवल आज

RANCHI : इस्कान रांची 27 मई को आइएमए भवन में युथ फेस्टिवल परिवर्तन 2.0 का आयोजन करेगा। लड़कों के लिए आयोजित यह कार्यक्रम संध्या चार बजे से सात बजे तक चलेगा। कार्यक्रम का विषय वैदिक सूत्रों द्वारा सफलता मंत्र रखा गया है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि एवं वक्ता आइआइटी मंडी के डायरेक्टर डा लक्ष्मीधर बेहरा (लीला पुरषोत्तम प्रभु) होंगे। वो इस्कान के वरिष्ठ वैष्णवों में से एक हैं। इस्कान रांची के प्रबंधक मधुसूदन मुकुंद ने कहा कि हरिनाम और भगवद गीता का प्रसार-प्रचार इस्कान का मुख्य उद्देश्य है। इसी के तहत इस्कान छोटे बच्चों के लिए 16 मई से समर कैंप चला रहा है जिसका समापन 28 मई को होगा। इस बीच शनिवार को मोरहाबादी मैदान में सुबह सात बजे से हरि नाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

## रिम्स और सीआईपी में हुआ एमओयू

RANCHI : राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स), रांची और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकेट्रिक (सीआईपी), रांची के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर शुक्रवार को हस्ताक्षर हुआ। इस एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थानों के चिकित्सकों और कर्मियों के साथ नैदानिक सेवाओं, जनशक्ति प्रशिक्षण और उच्च अनुसंधान के उन्नयन के लिए आपसी सहयोग सुनिश्चित करना है। रिम्स के निदेशक डॉ. कामेश्वर प्रसाद और सीआईपी के निदेशक डॉ. बासुदेब दास ने संबंधित संस्थानों के नोडल अधिकारियों डॉ. अजय बाखला और डॉ. संजय कुमार मुंडा की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन को निष्पादित किया। इस मौके पर डॉ अनिल कुमार, डॉ प्रदीप भट्टाचार्य, डॉ अविनाश शर्मा और डॉ निशांत गोयल उपस्थिति रहीं।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# आइआरबी जवानों को ले जा रही बस की चपेट में आया बाइक सवार, दर्दनाक मौत

## कंप्यूटर ऑपरेटर था राजीव कुमार, तीन छोटे बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

- युवक शाम में ड्यूटी के बाद हरमू के साकेत विहार स्थित अपने घर लौट रहा था, डिबडीह में घटी दुर्घटना
- हटिया डीएसपी बोले– कानून सम्मत कार्रवाई होगी, किसी को बचाया नहीं जाएगा


जवानों को ले जा रही बस की चपेट में आया युवक • फोटोन न्यूज

CRIME REPORTER RANCHI : अरगोड़ा थाना क्षेत्र के डिबडीह पुल के पास शुक्रवार की शाम आइआरबी जवानों को ले जा रही पुलिस बस की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक राजीव कुमार पिता राजकर्ण प्रसाद हरमू के साकेत विहार का रहने वाला था। धुर्वा के प्रोजेक्ट भवन में ग्रामीण कार्य विभाग में कम्प्यूटर ऑपरेटर था। संध्या में काम खत्म होने के बाद अपने होंडा बाइक जे01बीएफ 7720 से घर लौट रहा था। अरगोड़ा चौक से ठीक पहले पुलिस बस की चपेट में आ गया। जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर रिम्स ले गई। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया जाएगा। इधर, पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा ने बताया कि पूरे घटना की जांच की जाएगी। कानून सम्मत कार्रवाई होगी। किसी को बचाया नहीं जाएगा।

### चार भाईयों में तीसरे नंबर पर था राजीव

राजीव चार भाईयों में तीसरे स्थान पर था। उसकी शादी 2012 में हुई थी। उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। सबसे बड़ी बेटी पिहू की उम्र 10 साल, बेटा पिंसू की उम्र छह साल और सबसे छोटी बेटी मोना की उम्र महज तीन साल है। एक तो कम आमदनी ऊपर से अकाल मृत्यु से पूरा परिवार सदमे में है। तीन मासूम बच्चों के सिर से जहां पिता का साया उठ गया है वहीं अब स्वजनों को ये समझ नहीं आ रहा है कि आगे परिवार का भरण-पोषण व बच्चों की पढ़ाई कैसे होगी। घटना की जानकारी मिलते ही राजीव के जीजा हरेंद्र कुमार और बड़े भाई रिम्स पहुंच गए। भाई को मृत्यु शैय्या पर पड़ा देख दहाड़ मारकर रोने लगे। घर से 75 वर्षीय बूढ़ी मां और मृतक के पत्नी का बार-बार फोन आ रहा था लेकिन दुर्घटना के विषय में जानकारी देने की किसी को हिम्मत नहीं हो रही थी। जीजा कह रहे थे कैसे बेटी जैसी बहु को घटना की जानकारी दें। वहीं, आसपास के लोग हिम्मत दे रहे थे।

### पुलिस ने बस की चपेट में आने की बात छिपायी वीडियो वायरल होने के बाद मिली जानकारी

स्वजनों ने कहा कि रात 10 बजे तक पुलिस ने यह नहीं बताया कि किस वाहन से दुर्घटना घटी। पुलिस द्वारा यही बताया गया कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हुई। हालांकि, बाद में घटना की वीडियो वायरल होकर स्वजनों तक पहुंचा। इधर, पुलिस के एक पदाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति के रांची आगमन के दौरान उनकी सुरक्षा व्यवस्था में आइआरबी के जवानों का एक जत्था पलामू से भी आया था। जवान धुर्वा क्षेत्र में रुके हुए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जवानों को वापस लौटना था। इस दौरान जवानों को पुलिस लाइन लाया जा रहा था जहां से कागजी कार्रवाई के बाद पलामू भेजना था।

### डॉक्टर साहब पल्स अभी चल रही है...

रिम्स के ट्रामा सेंटर में जांच के बाद चिकित्सक हट गए। इस दौरान भाई ने राजीव का हाथ पकड़ा तो पल्स चलने का भ्रम हुआ। अनुभूति होते ही भाई ने डाक्टर साहब, डाक्टर साहब की आवाज लगाई। आवाज सुनकर चिकित्सक जब पहुंचे तो कहा कि जांच करिये मेरा भाई अभी जिंदा है। हालांकि, चिकित्सकों के समझाने के बाद वो मान गए और कमरे से बाहर निकल गए। जानकारी के अनुसार मृतक राजीव कुमार के पिता राजकर्ण प्रसाद वन विभाग में कार्यरत थे। काफी दिन पहले उनकी मौत हो गई थी।

## आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

### बुढ़मू थाना क्षेत्र के कटंगदिरी गांव का है मामला

CRIME REPORTER RANCHI : रिश्तों को शर्मसार करनेवाला और हैवानियत की हद पार करते हुए बेटी समान अबोध आठ वर्ष की बच्ची से बलात्कार का आरोपित को शुक्रवार को बुढ़मू व ठाकुर गांव पुलिस ने संयुक्त प्रयास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी विशाल करमाली रिश्ते में पीड़िता का मौसा है।

**क्या है मामला**

बुढ़मू थाना क्षेत्र के कटंगदिरी गांव के फागु लोहरा लोहरा के यहां शादी के बाद रिश्तेदारों को खाना पीना का आयोजन किया गया था। शादी में फागु की तीनों बेटियां भी सपरिवार मायके आयीं हुई थीं। 23 मई की रात्रि जब सभी मेहमान खाने पीने में व्यस्त थे इसी दौरान कुत्सिक मानसिकता वाले फागु का दामाद विशाल करमाली अपनी साली की आठ साल की अबोध बच्ची को घुमाने के बहाने घर से लेकर निकला। बच्ची को पिता समान मौसा से जाता देख किसी को शक नहीं हुआ परंतु उस हैवान ने बच्ची को ठाकुर गांव थाना क्षेत्र के कोराबार जंगल में ले जाकर न सिर्फ उसके साथ दुष्कर्म किया अपितु उसे छोड़कर फरार हो गया। शायद वह बच्ची की खराब हालत को देख वहां से भाग गया ताकि रातभर में बच्ची काल के गाल में समा जाए परंतु कहा गया है मारने वाले से बचाने वाला अधिक बलवान है। रात्रि में किसी प्रकार बच्ची जंगल किनारे सड़क पर पहुंची और वहां से गुजर रहे एक साइकिल सवार को घर पहुंचाने की गुहार लगायी।

### आईआईएम में यंग चेंजमेकर्स कार्यक्रम में शामिल हुए हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

## स्वप्न देखिए, प्रार्थना कीजिए व प्रयास कीजिए : संजय कुमार मिश्रा

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, स्वप्न देखिए, प्रार्थना कीजिए और प्रयास कीजिए। सफलता के यही तीन मार्ग हैं। इन तीनों को ही आत्मसात करना पड़ेगा। ऐसा नहीं कि आप सपना देखिए और प्रयास छोड़ दीजिए। या प्रार्थना कीजिए और प्रयास छोड़ दीजिए। इससे आपको मंजिल नहीं मिलेगी। वे शुक्रवार को पुंदाग स्थित आईआईएम में यंग चेंजमेकर्स कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने युवाओं से कहा, केवल ज्ञान और कौशल ही काफी नहीं है। सामाजिक जिम्मेदारी की गहरी समझ भी होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा,


आईआईएम में यंग चेंजमेकर कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा • फोटोन न्यूज

आपके सामने अवसर आया है। आप भागिए नहीं। इसे गले लगाइए। लोगों से मिलने वाले अनुभवों को समझने की कोशिश कीजिए और अपने जीवन के अनुभव को और समृद्ध कीजिए। एक-एक ज्ञान, एक-एक अनुभव आपके जीवन की दिशा को बदल सकते हैं। उन्होंने घरेलू महिलाओं का उदाहरण देते हुए कहा, वे पूरे घर का कामकाज संभालती हैं। घर का वे बेहतर प्रबंधन करती हैं। सुबह से लेकर शाम तक। आप भी प्रबंधन के छात्र हैं। आईआईएम का यह नोबल कार्यक्रम है। किसी ने कहा, भारत गांवों में बसता है। आप किसी कंपनी में जाएंगे। किसी कंपनी में मैनेजर बनेंगे, सीइओ बनेंगे तो आपको गांव के जीवन के बारे पता होना चाहिए। गांव की जिंदगी कैसे चलती है, यह किताब में नहीं, गांव में जाकर ही समझ सकते हैं। तभी आपकी शिक्षा भी पूर्ण समझी जाएगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में यह भी कहा कि हमें कानून की जानकारी तो होनी चाहिए। आपको पता होना चाहिए कि सार्वजनिक स्थानों पर नशा नहीं करना है। हत्या करने का अंजाम क्या होगा, यह पता होना चाहिए। आप यह कहकर नहीं बच सकते कि हमें इसकी सजा या कानून के बारे में जानकारी नहीं थी। भारत के नागरिक को कानून तो जानना ही चाहिए। उन्होंने अपना उद्बबोधन कविता से समाप्त किया...मंजिल से आगे बढ़कर मंजिल तलाशकर, मिल जाए तुझको दरिया तो समंदर तलाशकर, हर शीशा टूट जाता है पत्थर के जोर से, पत्थर टूट जाए वह शीशा तलाशकर। आईआईएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम को लागू करने के बारे में बताया।

## अब शिक्षा विभाग कराएगा SGFI से जुड़े कार्यक्रम : सरोजनी लकड़ा


प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देतीं खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा।

PHOTON NEWS RANCHI : खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा ने कहा कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन और टीम भेजने का काम अब खेल विभाग नहीं करेगा। अब एसजीएफआई से जुड़े सारे कार्यक्रम शिक्षा विभाग ही आयोजित करेगा। उन्होंने यह जानकारी शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि खेल संघों के प्रतिनिधियों से चर्चा के बाद निदेशालय ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वह एसजीएफआई के आयोजन से दूर रहेगा। पिछले दो दिनों से खेल विभाग और शिक्षा विभाग के बीच एसजीएफआई के झारखंड अंडर 19 बालक व बालिका टीम के चयन को लेकर विवाद की स्थिति आ गई थी। दोनों विभाग टीम गठन को लेकर कमर कस चुके थे। 27 मई को मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाले ओपन ट्रायल को कैंसिल कर दिया गया है।

## 20 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट की रांची सदर अस्पताल में हुई शुरूआत

PHOTON NEWS RANCHI : सदर अस्पताल में पहली बार क्रिटिकल केयर यूनिट की शुरूआत की गयी है। नए भवन के छठे तल्ले पर इस यूनिट के शुरू हो जाने से सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए मरीजों का बेहतर उपचार किया जा सकेगा। वहीं हृदय से संबंधित मरीजों को भी इलाज की सुविधा इसी क्रिटिकल केयर यूनिट में मिलेगी। यहां हर बेड पर ऑक्सिजन की सुविधा है। बता दें कि 20 बेड वाले क्रिटिकल केयर यूनिट में हर बेड पर मॉनिटर, बाई पैप और वेंटिलेटर की सुविधा होगी। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इन मशीनों से मरीजों की जान बचने की उम्मीद भी बढ़ जाएगी।




**डायलिसिस यूनिट को भी किया गया छठे तल्ले में शिफ्ट**

सदर अस्पताल के पुराने बिल्डिंग में पूर्व से संचालित डायलिसिस यूनिट को भी छठे तल्ले पर शिफ्ट किया गया है। इस यूनिट के यहां शिफ्ट हो जाने से किडनी से संबंधित मरीजों को इलाज में राहत मिलेगी। सेंट्रलाइज वातानुकूलित, लिफ्ट और पेयजल की व्यवस्था के साथ मरीजों को यहां बेहतर उपचार हो सकेगा। उद्घाटन के मौके पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अनिल कुमार खेतान, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशि भूषण खलखो, डॉ विमलेश कुमार, डॉ अखिलेश झा, अस्पताल के चिकित्सा व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रिम्स में लंबे इंतजार के बाद शुरू हुई रेटिना की सर्जरी

### आयुष्मान के तहत मरीज उठा सकते हैं सर्जरी का लाभ

PHOTON NEWS RANCHI : आखिरकार लंबे इंतजार के बाद रिम्स नेत्र रोग विभाग में रेटिना की सर्जरी शुरू हो गई। पर्याप्त उपकरणों की सुविधा नहीं होने से अब मरीजों को इसकी सुविधा नहीं मिलती थी। मरीजों को इलाज के लिए दूसरे संस्थान का सहारा लेना पड़ता था। नेत्र रोग विभाग के चिकित्सकों ने रिम्स में एक नया आयाम जोड़ने का काम किया है। रिम्स में पांच मरीजों की विट्रो-रेटिनल सर्जरी की गई। डॉ. राहुल प्रसाद और उनकी यूनिट द्वारा पार्स प्लाना विट्रेक्टोमी, ट्रैक्शनल मेम्ब्रेन पीलिंग, एंडो लेजर, रेटिनल डिटैचमेंट सर्जरी की। मेडिकल रेटिना को 2017 में शुरू किया गया था, जिसमें पैन रेटिनल फोटोकोएग्यूलेशन, इंट्राविट्रेरल एंटीविजेफ इन्फ और इंट्राविट्रियल स्टेरॉयड जैसी सुविधाएं नियमित रूप से दी जाती रही है। रेटिना की सर्जरी का खर्च बहुत महंगा होता है। अब रिम्स में इसकी सुविधा होने से मरीजों को रेटिना की सर्जरी नाममात्र की लागत पर हो रही है। आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीज रेटिनल सर्जरी का भी लाभ उठा सकते हैं। झारखंड के किसी भी सरकारी अस्पताल में सर्जिकल रेटिना सुविधा अपनी तरह की पहली सुविधा है। लेजर इनडायरेक्ट ऑप्थैल्मोस्कोप की उपलब्धता से प्री मैच्योर शिशुओं के प्री मेच्योर रेटिनोपैथी के इलाज में भी मदद मिलेगी।

### अटल मोहल्ला क्लिनिकः सामान की सुरक्षा, इस्तेमाल व रखरखाव के लिए नामित होंगे पदाधिकारी

## उपकरण की खरीदारी के लिए 17 लाख आवंटित

PHOTON NEWS RANCHI : स्वास्थ्य विभाग ने अटल मोहल्ला क्लिनिक के लिए 17 लाख 71 हजार 520 रुपए आवंटित किया है। इससे राज्य के सभी जिलों में अलग-अलग अटल मुहल्ला क्लीनिक के लिए उपकरण व अन्य सामानों की खरीदारी की जाएगी। इस राशि से पावर बैकअप, पीने का पानी के लिए डिस्पेंसर, पानी का कनेक्शन व टंकी, हब व पंचर प्रूफ कंटेनर, मेडिकल वेस्ट के लिए डस्टबीन और सेपरेटर स्टैंड की खरीदारी की जाएगी।

**मशीन के संचालन के लिए कर्मियों को दिया जाएगा ट्रेनिंग**

उपकरण स्थापित किये जाने के बाद संबंधित आपूर्तिकर्ता द्वारा उपकरणों के संचालन व रखरखाव के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव अरुण सिंह ने सभी सिविल सर्जन को उपकरणों के रखरखाव के लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों को नामित करने का निर्देश दिया है। राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिले के सिविल सर्जन होंगे, जबकि राशि के नियंत्री पदाधिकारी एसीएस खुद होंगे।

**इन जिलों के लिए हुआ राशि का आवंटन**

- पश्चिम सिंहभूम
- सरायकेला
- पूर्वी सिंहभूम
- बोकारो
- चतरा
- धनबाद
- गिरिडीह
- हाजरीबग
- कोडरमा
- देवघर
- पाकुड़
- दुमका
- साहेबगंज
- गोड्डा
- जामताड़ा
- लोहरदगा
- गुमला
- रामगढ़
- रांची
- खूंटी
- सिमडेगा
- गढ़वा
- लातेहार
- पलामू

## रांची जमीन घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल में भी अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

CRIME REPORTER RANCHI : रांची में हुए जमीन घोटाले में पश्चिम बंगाल के रजिस्ट्री कार्यालय और अधिकारियों का नाम इडी की जांच में सामने आया है। इसके बाद वहां हुई जांच में कोलकाता भूमि निबंधन कार्यालय में भूमि के दस्तावेजों में गड़बड़ी किये जाने के कई मामले सामने आये हैं, जिसमें रांची से जुड़ी जमीन का भी मामला शामिल है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बंगाल सरकार ने इस मामले में अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामले दर्ज कराये हैं। इडी ने दस्तावेज में जालसाजी कर जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में बड़गाईं अंचल व कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में सर्वे किया था। पीएमएलए की धारा-17 के तहत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इडी ने दोनों कार्यालय से सेना के कब्जेवाली जमीन और चेशायर होम रोड की जमीन के मूल दस्तावेज कोलकाता कार्यालय से जब्त किये थे। न्यायालय के आदेश के आलोक में दस्तावेज की फॉरेंसिक जांच करायी गयी थी। इसमें दस्तावेज में छेड़छाड़ करने की पुष्टि हो चुकी है। जालसाजों ने वर्ष 1932 के मूल दस्तावेज में जालसाजी कर इस भूखंड की बंदरबांट की है। इसमें जमीन के मालिक के पते में पश्चिम बंगाल के साथ ही पिन कोड का उल्लेख किया गया था। लेकिन वर्ष 1932 में पश्चिम बंगाल राज्य था ही नहीं। भारतीय डाक प्रणाली में पिन कोड भी 1972 में लागू किया गया। फॉरेंसिक जांच में मिले तथ्यों की जानकारी इडी ने कोलकाता के रजिस्ट्रार को दी थी।

# KHUNTI में असरदार रहा आरक्षण रोस्टर के खिलाफ पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति का बंद

**PHOTON NEWS KHUNTI**

आरक्षण रोस्टर में खूंटी सहित राज्य के सात जिलों में पिछड़ी जाति को शून्य दर्शाए जाने पर इन सात जिलों में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की ओर से आहूत बंद शुक्रवार को जिला मुख्यालय खूंटी में असरदार रहा। बंद के इस आह्वान पर शहर के मुख्य पथ सहित कर्रा रोड, तोरपा रोड, पिपरा टोली, डीएवी रोड, मिश्रा टोली, आजाद रोड, बाजार टांड़ आदि क्षेत्रों की अधिकांश छोटी-बड़ी सभी दुकानें और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान स्वतः स्फूर्त बंद रहे।



बंद पड़ी दुकानें। ● द फोटोन न्यूज

जिला मुख्यालय के अलावा जिला के मुरहू, तोरपा आदि प्रखंड मुख्यालयों में भी बंद का असर साफ नजर आया। इन प्रखंडों में भी शुक्रवार को अधिकांश दुकानें बंद रहे। पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के जिला संयोजक जितेंद्र कश्यप ने बंदी को अभूतपूर्व बताते हुए बंद को समर्थन देने के लिए सभी व्यापारियों और वाहन संचालकों को आभार व्यक्त किया है।

खूंटी जिला के जिलास्तरीय नौकरी में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को शून्य कर दिए जाने को लेकर पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को उपायुक्त शशि रंजन से मिला और उन्हें राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि खूंटी सिमडेगा गुमला पश्चिमी सिंहभूम दुमका और लातेहार जिला के जिला स्तरीय नौकरी में बीसी और ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिया गया है जबकि उक्त सभी जिलों में पिछड़े वर्ग के लोग काफी संख्या में निवास करते हैं।

## टीबी मुक्त पंचायत को लेकर डीसी की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**PHOTON NEWS RAMGARH**

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मुक्त पंचायत बनाने को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान यक्ष्मा कार्यक्रम समन्वयक श्री आशीष आईन के द्वारा पीपीटी के माध्यम से टीबी मुक्त पंचायत बनाने से संबंधित पंचायती राज्य सदस्यों का उन्मुखीकरण हेतु टीबी बीमारी के लक्षण व बचाव से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने कहा कि 2025 तक पूरे देश को टीबी मुक्त करने के लिए बहुत जरूरी है कि इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए एवं सभी लोग इस में अपना योगदान दें। इस दौरान उपायुक्त टीबी रोग को पहचानने एवं इससे जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी देते हुए रोग के उपचार का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, रोग के लक्षण को पहचाने एवं इसमें सभी कार्यालयों, निजी संस्थानों, अस्पतालों, एजेंसियों आदी के महत्व की सभी को जानकारी दी। साथ ही उपायुक्त ने कहा की देश से टीबी रोग को खत्म करने के पंचायत स्तर से लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है अधिक से अधिक कार्यशाला या कार्यक्रमों के माध्यम से टीबी रोग के लक्षण व उनके बचाव के बारे में लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है, वहीं बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी व अन्य सक्षम लोगों से अपने सामर्थ्य के अनुसार मरीजों को गोद लेने एवं जो भी मदद वे मरीजों को पहुंचा सकते हैं उस दिशा में कार्य करने की अपील की।





बैठक करती उपायुक्त माधवी मिश्रा व अन्य अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

बैठक के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी,जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, सभी अंचल पदाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी, पिरामल स्वास्थ्य से श्री अजय नारायण दुबे, पंचायती राज्य के सदस्य संहिता ने उपस्थित थे।

## प्रदेश वैश्य मोर्चा के पदाधिकारियों की जवाहर नगर में हुई बैठक, प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन 7 को

**PHOTON NEWS RAMGARH**

आगामी 7 जून को भुरकुंडा में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के विभिन्न जिलों में निवास करने वाले केंद्रीय पदाधिकारी, सदस्य, जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारी एवं प्रमुख कार्यकर्ता शामिल होंगे।

सम्मेलन में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने, वैश्य आयोग का गठन, छोटे व्यवसायियों-दुकानदारों की 10 लाख रू. तक की ऋण माफी, वैश्य समाज के ऊपर हो रहे हमलों, 6 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले महाधरना की तैयारी सहित जिला संगठन विस्तार पर चर्चा की जायेगी।

सम्मेलन में दर्जनों अतिथि व बुद्धिजीवी शामिल होंगे। जहां अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जायेगा। कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर शुक्रवार को भुरकुंडा के जवाहर नगर में मोर्चा के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से तैयारी समिति का गठन किया गया। जिसमें वरीय उपाध्यक्ष ढ़लन साव (डोकाटांड़), केंद्रीय उपाध्यक्ष अजित प्रजापति (गिद्दी) एवं प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया को शामिल किया गया है।





बैठक में उपस्थित मोर्चा के लोग। ● द फोटोन न्यूज

बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद, (सौंदा बस्ती), प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार (गोला), केंद्रीय महासचिव आदित्य नारायण प्रसाद, केंद्रीय सचिव लखन अग्रवाल (गोला), रामाशंकर राजन (हेसालौंग), प्रखण्ड अध्यक्ष मिथिलेश साव (बड़कागांव), नंदकिशोर साहु (डाड़ी), महासचिव भुनेश्वर साव, उपाध्यक्ष कैलाश साव, देवकुमार पड़ित, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता देवी, चिंता देवी, कुसुम लता देवी आदि मौजूद थे।

## क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट प्रतियोगिता में पलामू जिला बना ओवरऑल चैंपियन

**PHOTON NEWS PALAMU**

तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हो गया. 24 से 26 मई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिले के पुलिस निरीक्षक, पुलिस अवर निरीक्षक, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक, आरक्षी समेत कुल 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाकर पलामू जिला ओवरऑल चैंपियन बना. लातेहार के पुलिस अवर निरीक्षक सरज कुमार ने ओवरऑल चैंपियन में प्रथम स्थान प्राप्त किया. सरज कुमार अंगुलांक, लिफ्टिंग पैकिंग एवं फॉरवर्डिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया. गढ़वा के हित नारायण महतो को फोटोग्राफी में प्रथम स्थान मिला. पलामू के अभिषेक किशोर को कंप्यूटर साक्षरता में प्रथम स्थान और पलामू के ही रोहित कुमार कालिंदी को विज्ञान में प्रथम स्थान मिला. पलामू के पुलिस निरीक्षक देवव्रत पोद्दार ने मेडिको लीगल एवं क्राइम इन्वेस्टिगेशन, लॉ रूल्स तथा कोर्ट जजमेंट में प्रथम स्थान प्राप्त किया।





ओवरऑल चैंपियन का खिताब लेते विजेता। ● द फोटोन न्यूज

पलामू पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान विधि विज्ञान, मेडिकोलीगल, क्राइम इन्वेस्टिगेशन लॉ रूल्स तथा कोर्ट जजमेंट, फोटोग्राफी, अंगुलांक, लिफ्टिंग पैकिंग एवं फॉरवर्डिंग विषयों पर लिखित एवं मौखिक परीक्षा ली गई. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पलामू रेंज के आईजी राजकुमार लकड़ी भाग लिया।

मौके पर आईजी ने कहा कि पुलिस ड्यूटी मीट प्रतियोगिता का उद्देश्य पुलिस अनुसंधान में वैज्ञानिक सहायता के लिए परीक्षण में दक्ष बनाना है. यह वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग कर अपराधियों को न्याय दिलाने में एक महत्वपूर्ण पहलू रखती है।

प्रतियोगिता में मुख्य परीक्षक के रूप में अपराध अनुसंधान विभाग रांची के राजकीय अंगुलांक परीक्षक संतोष सुधाकर, विधि विज्ञान प्रयोगशाला के सहायक निदेशक डॉ लवकुश, राजकीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के सहायक निदेशक मिथिलेश कुमार कुशवाहा, अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय रांची के असित कुमार मोदी, फोटो ब्यूरो अपराध अनुसंधान विभाग रांची के दिलीप कुमार महतो आदि शामिल थे।

## आंधी तूफान से तबाही, पेड़ गिरने से घंटों बाधित रहा पांकी-डालटनगंज मार्ग

**PHOTON NEWS PALAMU**

जिले में शुक्रवार की पूर्वाह्न 11 बजे आई आंधी पानी ने जमकर तबाही मचाई। आंधी पानी के साथ ओले भी गिरे। दर्जनों पेड़ आंधी में गिर गए। कई जगहों पर घर के ऊपर पेड़ गिरने की सूचना है। कई लोगों के घर का शेड आंधी में उड़ गया। पांकी थाना क्षेत्र के पांकी-डालटनगंज मुख्य पथ पर भरी में पेड़ गिरने से दो घंटे तक सड़क पर आवागमन बाधित रहा।

सगालीम चांदनी चौक के पास 33 हजार के बिजली के तार पर पेड़ गिर गया है, जिससे बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बंधित हो गया है। आंधी में कई पशु शेड उड़ गया है। सगालीम ठाकुर टोला निवासी अरविंद सिंह का भी घर का शेड आंधी में उड़ गया। इसी तरह राजेंद्र सिंह का घर का शेड आंधी में उड़ गया है। पांकी के कई इलाकों में 33 और ग्यारह हजार वाली बिजली तार पर पेड़ गिरने से कई जगहों पर बिजली का तार टूटकर सड़क के नीचे आ गया है। कई जगह पर बिजली का खंभा टूट गया है।



पेड़ गिरने से बाधित पांकी-डालटनगंज मार्ग। ● द फोटोन न्यूज

## डीसी ने जनता दरबार में सुनी फरियाद

**PHOTON NEWS PALAMU**

उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार लगा। इसमें जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने समस्याओं को रखा। उपायुक्त ने सभी की समस्याओं को सुना और जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

शहर के जेलहाता के ललिता शर्मा ने उपायुक्त को बताया कि उसके पेट में काफी लंबे समय से गांठ की बीमारी है। इलाज में काफी अधिक पैसे खर्च हो गए हैं। अब वह आगे इलाज कराने में आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है। उन्होंने उपायुक्त से आर्थिक मदद का अनुरोध किया। उपायुक्त ने रेड क्रॉस के माध्यम से पीड़ित व्यक्ति को 20 हजार रुपये की मदद की। चैनपुर से आये धर्मदेव तिवारी ने रैयती जमीन पर एनआरईपी अंतर्गत बन रहे सड़क निर्माण पर रोक लगाने का अनुरोध किया।

इसी तरह अन्य फरियादियों ने जमीन विवाद, मुआवजा, राशन, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, रोजगार, स्वास्थ्य अनुदान, नियोजन आदि संबंधित आवेदन दिए और निदान का आग्रह किया।

### श्री दिगंबर जैन मंदिरजी में बड़े धूमधाम से मनाया गया भव्य प्रथम वार्षिक महामहोत्सव

# श्रीजी का विधि पूर्वक किया गया जलभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन

**PHOTON NEWS RAMGARH**

रामगढ़ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिरजी में शुक्रवार को भव्य प्रथम वार्षिक महामहोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम श्रीजी का जलभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन किया गया। पंडित दीपक जैन, हजारीबाग पंडित राजेश जैन एवं सुभाष पाटनी, देवेन्द्र गंगवाल के सानिध्य मे बड़े ही धूमधाम से पंच परमेष्ठिविधि विधान विधि पूर्वक किया गया।

स्वर्ण कलश से जलाभिषेक करने का सौभाग्य पंकज कुमार सेठी, जीवनमल जंबू पाटनी, हरकचंद विवेक अजमेरा, विद्या प्रकाश पदम चंद छाबड़ा, विमलचंद राहुल कुमार छाबड़ा को मिला। शांतिधारा करने का सौभाग्य पंकज कुमार सेठी, धरमचंद अविनाश विनायका, निर्मल कुमार नवनीत विनायका को मिला।



श्री दिगंबर जैन मंदिरजी के प्रथम वार्षिकोत्सव में उपस्थित श्रद्धालु। ● द फोटोन न्यूज

पांडुशिला पर जलाभिषेक करने का सौभाग्य पदमचन्द सुमित कुमार जैन, हीरालाल राजेंद्र कुमार पाटनी, विद्याप्रकाश पदमचंद छाबड़ा को मिला। पांडुशिला पर शांतिधारा करने को सौभाग्य देवेंद्र कुमार अंशुल गंगवाल,हीरालाल राजेंद्र कुमार पाटनी, अमराव देवी पाटनी को मिला।

मन्दिर जी के बाहर प्रगाण मे राहगीरो के बीच (1000) महिला/पुरुष को भोजन वितरण (पुड़ी, चना, हलवा ) किया गया। वही मन्दिर मे सुबह 11:00 बजे पंच परमेष्ठि विधान का आयोजन किया गया। पांच मंगल कलश एवम अष्ट प्रतिहार का महिलाओं के द्वारा स्थापना मांडला जी मे किया गया।

सौ इंद्रों से वंद्य नित, पंचपरम गुरूदेव।
तिनके पद अरविंद की, करूं सदा मैं सेव।।1।।
त्रिभुवन में त्रयकाल में, जनज न के हितकार।
नमूं नमूं मैं भक्तिवश, होवें मम सुखकार।।2।।

मौके पर समाज उपाध्यक्ष अरविन्द सेठी, समाज सचिव नागरमल गंगवाल, कोषाध्यक्ष जम्मू पाटनी, कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र छाबड़ा, अशोक सेठी, रमेश सेठी, सुभाष पाटनी, देवेंद्र गंगवाल,ललित चुड़ीवाल,अंकित जैन, बिनोद पहाड़िया, राजेंद्र चूड़ीवाल, पदमचन्द छाबड़ा, मांगीलाल चूड़ीवाल,सुशील चूड़ीवाल,नितिन पाटनी, जीवन पाटनी, महावीर प्रसाद गंगवाल, महेंद्र बगड़ा, टीकमचंद बगड़ा, सुमित जैन, प्रदीप पाटनी, अशोक काला, राजू सेठी, प्रमोद सेठी, बंटी सेठी, राजू पाटनी, सुनील पाटनी, सुनील सेठी, अजय पाटनी, विनय जैन, विकी अजमेरा, सौरव अजमेरा, प्रकाश चंद अजमेरा,संजय सेठी, श्याम जैन, सुनिल छाबड़ा, विकाश सेठी, ललित गंगवाल, सुभाष पाटनी, महेश जैन, निशांत सेठी, बबलू सेठी, सुभाष सेठी, सरवण सेठी, योगेश सेठी, अरविंद पाटनी, अमराव देवी पाटनी, अरुणा जैन, जीवनमाला गंगवाल, खुसबू चुड़ीवाल, ममता गंगवाल, उषा पाटनी, पुष्पा अजमेरा, स्वेता अजमेरा, कुसुम पाटनी, सुनीता सेठी, सरिता छाबड़ा, अनीता चूड़ीवाल, प्रिया पाटनी, सुधा सेठी, स्वेता पाटनी, सुनीता चूड़ीवाल, मिथलेश जैन, किरण सेठी, रेखा पाटनी, मनीषा पाटनी, सरला सेठी, शारदा अजमेरा, उषा अजमेरा, प्रेम काला, स्वेता काला, बंटी पाटनी, उषा सेठी, बीना बगड़ा, कविता पाटनी, निशा बगड़ा, बीना सेठी, मीना सेठी, बबिता सेठी, गुणमाला सेठी,संजू सेठी

## BRIEF NEWS

### तेज आंधी तूफान के बीच जनसेवकों का धरना जारी





धरने पर बैठे जनसेवक संघ के सदस्य। ● द फोटोन न्यूज

**RAMGARH :** जनसेवकों का अनिश्चितकालीन हड़ताल के 18वें दिन सदर प्रखण्ड कार्यालय, रामगढ़ प्रखंड के निकट प्रखंड सभागार के बरामदे में धरना के लिए सभी जनसेवक उपस्थित हुए। इस दौरान कुछ देर के लिए तेज आंधी तूफान भी आया पर इससे जनसेवकों के मनोबल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। मौके पर उपस्थित झारखंड राज्य जनसेवक संघ के रामगढ़ जिला इकाई के सचिव श्री रविन्द्र कुमार महतो ने बताया कि आज हड़ताल का 18 वें दिन बीत जाने के बावजूद सरकार के द्वारा कोई पहल नहीं किया जाना सरकार का तानाशाही रवैया दशार्ता है। जानबूझ कर अपने ही हाथ को कमजोर किया जा रहा है। जनसेवक एक तकनीकी पद माना जाता है, इस कारण 4200 ग्रेड पे होना चाहिए था, जबकि 2400 ग्रेड पे में बहाल हम जनसेवकों का 10 वर्ष बीतने के बाद ग्रेड पे कम करके 2000 किया गया, जिससे हमारे आत्म सम्मान को ठेस पहुंचा है। सरकार को संज्ञान में आने के बाद भी कोई प्रगति नहीं होना शर्मनाक है। अभी हम धैर्य बनाए हुए हैं। देखना है धैर्य कब तक बना रहता है। आज धरना में झारखंड राज्य जनसेवक संघ, रामगढ़ जिला इकाई के सचिव रविन्द्र कुमार महतो, उपाध्यक्ष उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार गुप्ता, संरक्षक अनिल कुमार महतो, जितेंद्र प्रसाद, विकास प्रसाद, विनीता सिंह, उपेंद्र कुमार, बिमल कुमार बेदिया, विकास कुमार, अजय कुमार सिंह, छत्रधारी महतो, जॉर्ज टुडू, ज्ञानी प्रताप भारती, त्रिलोकी नाथ महतो, परमानंद कुमार, रवि सागर पाण्डेय, संजीव करमाली शामिल हुए।

### चूरचु प्रखंड मुख्यालय में जीपीडीपी का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**RAMGARH :** चूरचु प्रखंड मुख्यालय में जीपीडीपी का दो दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आज पहला दिन में जिसमें मुख्य रूप चूरचु प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो चनारो पंचायत मुखिया ब्रजबिहारी महतो चूरचु पंचायत मुखिया पूनम बेसरा आंगों पंचायत मुखिया चरही पंचायत मुखिया संझली मुर्मू इंद्रा पंचायत मुखिया राधिका देवी जरबा पंचायत मुखिया सुनिता देवी हेदेंगडा पंचायत मुखिया सुरजमुनी देवी खरछढर पंचायत सेवक रोजगार सेवक एंव इत्र्छ के सदस्य प्रशिक्षण में टाइड एंव अनटाइड के बारे में के बारे में बताया गया

### दहेज हत्या मामले में पति और ससुर दोषी करार

**GIRIDIH :** द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद प्रकाश की अदालत ने दहेज हत्या के मामले में शुक्रवार को महिला के पति और ससुर को दोषी करार देते हुए मंगलवार को सजा सुनाने की तिथि तय किया है। बचाव पक्ष और सरकारी वकील के अंतिम दलील को सुनने के बाद धारा 304बी में पति दीपक वर्मा और ससुर केदार महतो को कोर्ट ने दोषी करार दिया। मामला देवरी थाना से जुड़ा हुआ है। यहां महिला के पिता ने थाने में आवेदन देकर दामाद और उसके पिता पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था।

### छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**BOKARO :** जिले के चास थाना क्षेत्र में छह साल की मासूम बच्ची के साथ पड़ोसी दुकानदार ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शुक्रवार को आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि चास थाना क्षेत्र में कपड़े की दुकान चलाने वाले एक दुकानदार ने पड़ोस में दुकान चला रहे एक महिला की बेटी के साथ उस समय दुष्कर्म किया जब वो मकान मालिक के घर से खेलकर नीचे उतर रही थी। बच्ची की मां के अनुसार जब बच्ची हल्ला करने लगी तो उसका मुंह दबा दिया गया और उसके साथ गलत हरकत किया। घरवालों को तब पता चला जब बच्ची रोने लगी। चास थाना पुलिस का कहना है की आरोपित की गिरफ्तारी हो गई है और पॉक्सो एक्ट के तहत करवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया।

### संयुक्त सचिव ने जिला और प्रखंड स्तरीय जल शक्ति केंद्र का किया उद्घाटन

**KODARMA :** मिनिस्ट्री ऑफ लेबर एण्ड इम्पलॉयमेंट गर्वन्मेंट ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव कमल किशोर सोन शुक्रवार को कोडरमा पहुंचे। संयुक्त सचिव कमल किशोर ने समाहरणालय में स्थापित जल शक्ति केंद्र और प्रखण्ड कार्यालय चन्दवारा में स्थापित जल शक्ति केन्द्र का उद्घाटन किया। उसके बाद प्रखण्ड कार्यालय चन्दवारा के समीप आजाद सरोवर का जायजा लिया। उपायुक्त ने बताया कि अमृत सरोवर के तहत इस जलाशय को विकसित किया जा रहा है। इसमें पर्यटन, बच्चों का पार्क, जल संरक्षण, मछली पालन, बागवानी को विकसित किया जायेगा। इसके साथ ही संयुक्त सचिव ने अमृत सरोवर के तहत जलाशय के कार्यों को सराहा और अपनी संतुष्टी जाहिर की। इसके बाद संयुक्त सचिव ने परिसदन कोडरमा के समीप स्थित परिसदन सरोवर का भी जायजा लिया। उपायुक्त ने बताया कि इसमें भी पर्यटन, बच्चों का पार्क, जल संरक्षण, मछली पालन, बागवानी, जंगली जानवरों को पीने का पानी की व्यवस्था के साथ विकसित किया जायेगा। संयुक्त सचिव ने अमृत सरोवर के तहत किये जा रहे कार्यों पर अपनी संतुष्टि जाहिर की।

### चोरी की बाइक बेचने आए दो आरोपी गिरफ्तार, पांच बाइक बरामद

**PALAMU :** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से सटे चैनपुर थाना क्षेत्र के गांधीपुर इलाके में चोरी की मोटरसाइकिल बेचने के लिए जुटे तीन में से दो आरोपित पकड़े गए। बाद में उनकी निशानदेही पर चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद हुई। इनमें से एक बाइक शहर थाना क्षेत्र के छहमुहान से सटे रंकाराज कॉम्पलेक्स में स्थित एचडीएफसी बैंक से चोरी की गई थी। गिरफ्तार आरोपितों में चैनपुर के बंजारी निवासी सैफ अंसारी एवं गांधीपुर के रहने वाले अमन कुमार शामिल हैं, जबकि फरार आरोपित की पहचान गांधीपुर निवासी अभिषेक विश्वकर्मा के रूप में हुई है। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि पल्सर बाइक (जेएच 03 एल 6975), पल्सर (जेएच03एफ3161), याम्हा (जेएच01एसी3230), एक अपाची और एक हीरो होंडा स्पेलेंडर बरामद हुईं है। दो बाइकों में रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं है। पुलिस टीम में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता, सअनि सुधीर कुमार एवं जवान शामिल थे।

### खाना बनाते समय गैस सिलेंडर फटने से बोकारो के शख्स की मौत, एक घायल

**BOKARO :** जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत तेतरिया टांड निवासी शंकर तुरी (25) की मौत हैदराबाद के अफजलगंज में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर फटने से हो गई जबकि दोस्त गुलाब तुरी झुलस गया। बताया जाता है कि शंकर तुरी एक साथी के साथ आवास में खाना बना रहा था। इस दौरान गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया, जिसमें वे दोनों बुरी तरह झुलस गए। संवेदक ने उन दोनों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। शंकर तुरी 50 फीसदी जल गया था। शंकर तुरी के परिजनों ने मोबाइल पर संवेदक से बात कर उसे झारखंड भिजवाने का निवेदन किया था। एंबुलेंस से हैदराबाद से झारखंड लाने के दौरान रास्ते में ही शंकर तुरी ने दम तोड दिया जबकि गुलाब तुरी की हालत गंभीर होने पर उसे आनन-फानन में टाटा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# मुजफ्फरपुर में बाइक एजेंसी पर केस दर्ज

## फूल पेमेंट करने के बाद भी बाइक को फाइनेंस किया



**मुजफ्फरपुर** के पारू थाना क्षेत्र के मथुरापुर डाक गांव निवासी रोहित कुमार ने 20 नवम्बर 2019 को एक स्थानीय एजेंसी गौतम मोटर्स से बुलेट बाइक खरीदी थी। उन्होंने 1,36,073 रुपए नगद देकर बाइक खरीदा था। जिसका रसीद एजेंसी द्वारा उन्हें दिया गया। बाइक एजेंसी द्वारा रोहित को उक्त मोटरसाइकिल से संबंधित अन्य कोई कागजात नहीं दिया गया। रोहित कई बार कागज के लिए एजेंसी का चक्कर लगया। जिसके बाद एजेंसी द्वारा बताया गया कि उक्त मोटरसाइकिल को गलती से फाइनेंस कर दिया गया था। जिस कारण उसपर कुल 1,23,085.03 रुपये का ऋण है। एजेंसी ने पूर्व में ली गयी नगद राशि को लौटाने की बात कही, लेकिन आज तक एजेंसी द्वारा पूर्व में ली गयी नगद राशि नहीं लौटाई गयी है। परिवादी द्वारा लगातार एजेंसी का चक्कर लगाने के बावजूद आजतक मोटरसाइकिल का ऑनर बुक, बीमा के कागजात तथा रजिस्ट्रेशन नंबर परिवादी को उपलब्ध नहीं कराया गया है। वही परिवादी नगद राशि देकर मोटरसाइकिल खरीदने के बावजूद 3250 (तीन हजार दो सौ पचास) रुपये का किस्त भी अदा कर रहा है। थक-हारकर परिवादी ने जिला उपभोक्ता आयोग में 1. प्रबंध निदेशक, गौतम मोटर्स, मानिकपुर, सरैया, 2. प्रबंध निदेशक, रॉयल एनफील्ड, 3. शाखा प्रबंधक, एल. एंड टी. फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड, 4. प्रबंध



निदेशक, एल. एंड टी. फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड और 5. जिला परिवहन पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर के विरुद्ध परिवाद दायर किया है। साथ ही पाँच लाख रुपये मुआवजे का भी दावा किया। मामले की सुनवाई के पश्चात जिला उपभोक्ता आयोग ने पांचों विपक्षीगणों के विरुद्ध नोटिस जारी किया है। परिवादी की ओर से मानवाधिकार अधिवक्ता मामले की पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के सेवा में कमी की कोटि का मामला है। कारण कि ग्राहक को आज तक मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन नंबर, ऑनरबुक, बीमा के कागजात सहित अन्य आवश्यक कागजातों को उपलब्ध नहीं कराया गया है, जो एजेंसी की लापरवाही को स्पष्ट करता है। जिला उपभोक्ता आयोग ने मामले की अगली सुनवाई 4 अगस्त 2023 को निर्धारित की है।

# मोतिहारी में महिला पंच को पीट-पीटकर किया अधमरा

**मोतिहारी** में गुरुवार को महिला पंच ततेरी देवी (30) की जमकर पिटाई की गई। मामला जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र के कवलपुर कान्ही टोला का है। जहां महिला पंच ने दरवाजे पर पानी गिराने से मना किया तो पड़ोसी ने भरी पंचायत में महिला को पीट दिया। इस दौरान मौके पर मौजूद सरपंच भी पिटाई देखते रहे। पीड़ित महिला की पहचान कवलपुर कान्ही टोला निवासी महिला पंच ततेरी देवी (30) के रूप में की गई। वहीं, आरोपी पड़ोस का रहने वाला लवकुश कुमार (20 वर्ष) है। पानी गिराने को लेकर विवाद बुधवार सुबह हुआ था, जिसके बाद गुरुवार को पंचायती बुलाई गई। जिसमें पंचायत के सरपंच पुण्यदेव भी मौजूद



थे। इसी दौरान आरोपी लवकुश ने महिला पंच को इतना मारा कि वह अधमरा होकर गिर गई। दूसरी महिला बीच-बचाव में आई तो युवक ने उसे भी बाल पकड़कर बुरी तरह पीटा। जिसका वीडियो भी सामने आया है। घायल पंच और दूसरी महिला को पीएचसी में भर्ती कराया गया। सरपंच पुण्देयव ने कहा कि पड़ोसी के पानी बहाए जाने का महिला पंच विरोध करने आई थी, इसी बीच लवकुश कुमार उससे उलझ गया, इसको लेकर थाने में आवेदन दिया गया है। पंच के साथ उन लोगों ने गलत किया है। वहीं, तुरकौलिया थानाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है। पीड़ित पक्ष की तरफ से आवेदन मिला है जिसकी जांच कराई जा रही है। आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 8 साल से पेंडिंग है सिंथेटिक ग्राउंड का प्रपोजल

**पूर्णिया** की 100 लड़कियां हॉकी में नेशनल लेवल तक खेल चुकी हैं। इतना ही नहीं यहां की लड़कियों का चयन इंडियन हॉकी कैंप में भी हो चुका हैं। इसके साथ ही हर साल सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर लेवल पर 4 से 5 लड़कियों का चयन होता है। इन लड़कियों ने तब अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया जब उनके पास खेलने के लिए सुसज्जित ग्राउंड तक नहीं है। हर शाम उबड़-खाबड़ मैदान में पसीना बहाकर यहां की लड़कियों ने हॉकी में बिहार के छोटे से शहर का नाम देश भर में रोशन किया है। पूर्णिया में सिंथेटिक टर्फ निर्माण के लिए साल 2015 में डीएम के स्तर से राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। मगर प्रस्ताव भेजने के 8 साल बीत जाने के बाद भी इस दिशा में अब तक कोई ठोस पहल



नहीं किया जा सका है। बता दें कि साल 2015 में पूर्णिया में एक साल में 3 डीएम बदले गए थे। मगर यहां हॉकी खेलने वाली लड़कियों की किस्मत एक जैसी ही रही और उसमें आज तक कोई बदलाव नहीं हुआ है।

पूर्णिया के गर्ल्स स्कूल में साल 2013 में मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत एकलव्य सेंटर बना था। इस सेंटर में हॉकी खेलने वाली लड़कियों के रहने और उनके प्रैक्टिस करने की व्यवस्था की गई। लेकिन इस सेंटर में रहने वाली और यहां हॉकी की प्रैक्टिस करने वाली लड़कियों के लिए टर्फ ग्राउंड की व्यवस्था नही हो सकी है।खेल से जुड़े लोगों की माने तो एक सिंथेटिक ग्राउंड के निर्माण में करीब 7 करोड़ रुपए का खर्च आता है। अगर राज्य सरकार पूर्णिया में टर्फ ग्राउंड निर्माण कराती है तो यहां के लड़कियों को बेहतर सुविधा मिलेगी और खराब ग्राउंड में प्रैक्टिस करने से होने वाली इंज्यूरी से भी बच सकती हैं।

# भागलपुर में संदिग्ध हालत में नवविवाहिता की मौत

**भागलपुर** के जीरोमाइल थाना क्षेत्र स्थित अंबेडकर नगर कॉलोनी में एक नवविवाहिता का शव फंदे से लटका मिला। मृतक महिला की पहचान गोपालपुर निवासी अरुण पासवान की 25 वर्षीय पुत्री वर्षा कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक वर्षा की शादी दो वर्ष पूर्व जीरोमाइल थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर कॉलोनी निवासी संदीप राज से हुई थी। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने जीरोमाइल पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को फंदे से उतार कब्जे में ले लिया है। बताया जा रहा है कि गुरुवार की देर रात एक मकान में नवविवाहिता का शव फंदे से लटका मिला। स्थानीय लोगों को घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी मच गई। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक महिला के मायके पक्ष के लोग देर रात भागलपुर



पहुंचे। उन्होंने दहेज के लिए प्रताड़ित करने सहित साजिश के तहत हत्या करने का आरोप अपने दामाद पर लगाया है। वहीं पूरे मामले को लेकर जीरोमाइल थानाध्यक्ष कौशल भारती ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है। लड़की के मायके पक्ष वालों ने अपने दामाद और बेटी के ससुराल पक्ष के लोगों के विरुद्ध हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। महिला के पोस्टमार्टम कराने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। मामले में जांच जारी है।

# कटिहार में शराब पार्टी के लिए पिता को मार डाला

**कटिहार** में एक बेटे ने पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी। युवक शराब पार्टी करने के लिए पत्नी से पैसा मांग रहा था। उसने मना किया तो मारपीट करने लगा। इस दौरान बीच-बचाव करने आए पिता को युवक ने लात-घूंसे से पीट-पीटकर मार डाला। घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारा बेटा फरार है। मृतक की पहचान नवाबगंज गांव निवासी 58 वर्षीय सुबोध सिंह के रूप में की गई है। वहीं, उनकी पत्नी हेमिली देवी ने अपने 28 वर्षीय बेटे विद्यानंद सिंह के खिलाफ मनिहारी थाने में शिकायत दर्ज कराया है। मामला जिले के मनिहारी अनुमंडल के नवाबगंज गांव का है। आसपास के लोगों के अनुसार, 58 वर्षीय किसान सुबोध सिंह का पुत्र विद्यानंद सिंह शराबी और जुआरी है। 1 माह पूर्व ही दुष्कर्म के आरोप में सजा काटकर जेल से बाहर आया है। आए दिन अपने माता-पिता व पत्नी से किसी



किसी बात पर झगड़ा करते रहता है। घटना के दिन वह अपनी पत्नी से जुआ और शराब के लिए पैसे मांग रहा था। मना करने पर वह मारपीट करने लगा। बीच-बचाव करने पहुंचे पिता को शराबी बेटे ने पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। स्थिति नाजुक देख वह उन्हें घर में ही तड़पता छोड़ घटनास्थल से फरार हो गया। सुबोध सिंह की पत्नी हेमिली देवी ने आवेदन में लिखा है मेरा बेटा नशे में था। उसने घर से बाहर ले जाकर मेरे पति को बीच सड़क पर बुरी तरह पीटा। उन्हें तब तक मारता रहा जब तक वह अधमरा नहीं हो गए। लात लगने से उनके पेट का निचला हिस्सा फूल गया। दर्द से छटपटा रहे बुजुर्ग को स्थानीय लोगों की मदद से मनिहारी अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने कटिहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल ले ही जा रहे थे कि नारायणपुर के पास उनकी मौत हो गई।पूर्व मुखिया प्रदीप सिंह, नवाबगंज के सरपंच पांडव सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष रामजी यादव ने घटना की निंदा करते हुए मनिहारी पुलिस से हत्यारे बेटे की गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं, मृतक के 2 अन्य पुत्र जो कटिहार से बाहर काम करते हैं घटना की जानकारी मिलते ही देर रात अपने घर नवाबगंज पहुंच गए। उन्होंने कहा कि अगर मेरे भाई ने इस तरह का अपराध किया है तो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। मनिहारी थाना अध्यक्ष रामविलास सिंह ने कहा कि मृतक की पत्नी का आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही फरार आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर उचित कानूनी कार्रवाई करेगी।

# भोजपुर में ट्रक ने दो बाइक में मारी टक्कर

भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के नसरतपुर गांव के समीप गुरुवार की रात बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार अमीन को रौंद दिया। हादसे में एक बाइक पर सवार बुजुर्ग अमीन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे बाइक पर सवार अमीन जख्मी हो गया है। जख्मी युवक को इलाज के लिए संदेश पीएचसी में भर्ती कराया गया। बुजुर्ग अमीन की मौत के बाद परिजन और ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा, जिसके बाद शव को सड़क के बीचोझबीच रखकर नसरतपुर सामुदायिक भवन के समीप सड़क जाम कर दिया।

सड़क जाम के दौरान आक्रोशित लोगों ने मृत अमीन के आश्रितों को मुआवजा देने और ओवरलोड बालू लदे ट्रकों पर लगाम लगाने की मांग की है। घटना सूचना मिलते ही संदेश थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम हटवाया। मृतक संदेश थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव निवासी स्वर्गीय राम जी सिंह की 66 वर्षीय पुत्र निर्मल कुमार सिंह है वह पेशे से अमीन थे। वही जख्मी कोईलवर थाना क्षेत्र के मठियापुर गांव निवासी दीपू सिंह शामिल है । इधर,मृतक के बेटे नीतीश कुमार ने बताया कि वह अपने गांव से गुरुवार की दोपहर संदेश थाना क्षेत्र के चिल्लौस गांव में जमीन मापने के लिए गए हुए थे। जब अपना काम खत्म कर रात बाइक पर सवार होकर दूसरे



अमीन के साथ अपनेझअपने गांव वापस लौट रहे थे, तभी नसरतपुर गांव के समीप ओवरलोड बालू से लदे बेलगाम ट्रक ने दोनों बाइक में जोरदार टक्कर मार दी । इस हादसे में पिताजी की मौत हो गई, जिसके बाद जख्मी दीपू सिंह ने फोन पर इस घटना की जानकारी दी।

वहीं परिजनों ने कहा कि बालू माफियाओं द्वारा हमेशा ओवरलोड ट्रक और ट्रैक्टर पर बालू लादकर ढोया जाता है। आए दिन हादसा होते रहता है, लेकिन उन लोगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती है। घटना की सूचना मिलती ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि उनकी पत्नी फुलझारो देवी दो पुत्र प्रकाश कुमार,नीतीश कुमार और तीन पुत्री मनोरमा देवी,इंदु देवी,संध्या कुमारी है। अपने चार भाई और दो बहनों में छोटे थे। घटना के बाद मृत निर्मल के परिवार में कोहराम मच गया है।

## संक्षिप्त -समाचार

### वैशाली में गैस गोदाम से दो लाख रुपए की लूट



जिले के पातेपुर थाना क्षेत्र के लखनीपुर मौदह गांव स्थित दीक्षा इंडियन गैस गोदाम से बाइक सवार 6 अपराधियों ने लगभग 2 लाख रुपए की लूट की। दो बाइक पर सवार 6 की संख्या में अपराधी हथियार के साथ लूट करने आए थें। जिन्होंने गोदाम में तैनात कर्मियों को पिस्टल का भय दिखाकर रुपए लूट लिए। इस दौरान अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए एक राउंड फायरिंग भी की। घटना के बाद गोदाम के कर्मियों ने सूचना पातेपुर पुलिस को दी। देर शाम पातेपुर थाना क्षेत्र के लखनीपुर मौदह गांव स्थित दीक्षा इंडेन गैस गोदाम पर कर्मी दिन भर के सेल का कैश मिला रहे थे। इसी दौरान दो बाइक पर सवार छह की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने कर्मियों पर पिस्टल तान दिया और दो लाख रुपए लेकर चले गए। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष शिवेंद्र नारायण सिंह पुलिस बल के जवानों के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सीमावर्ती क्षेत्र की घेराबंदी कर छापेमारी कर रही है। महुआ एसडीपीओ सुमन सुरभ भी मौके पर पहुंचे और तहकीकात की। महुआ एसडीपीओ सूरभ सुमन ने कहा कि गैस गोदाम पर छह की संख्या में अपराधी आए थे। तभी गोदाम के कर्मी रुपया काउंट कर रहे थे। पिस्टल के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। गोदाम कर्मियों के लिखित आवेदन के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### औरंगाबाद में युवक की पिटाई



**औरंगाबाद** में गुरुवार की रात चोर समझकर कुछ लोगों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी, जिसके कारण युवक जख्मी हो गया। घटना नगर थाना क्षेत्र के सेंट्रल बैंक समीप की है। जख्मी युवक कमलकांत चरण बारूण प्रखंड के बरौली गांव का रहने वाला है। घटना के बाद इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को लोगों से छुड़वाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंची, जहां युवक का इलाज किया गया। पिटाई के कारण युवक को अंदरूनी चोटें आयी है। पुलिस ने इलाज के बाद युवक को छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार वह रात में अपने एक दोस्त से मिलने सेंट्रल बैंक के समीप पहुंचा था। इसी दौरान कुछ लोगों को शक हुआ कि वह बाइक चोरी करने के फिराक में है, जिसके बाद लोगों ने उसको पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। वह जख्मी हो गया, जिसके बाद पुलिस द्वारा उसका इलाज कराया गया। इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष एसबी शरण ने बताया कि गलतफहमी में लोगों ने चोर समझकर युवक की पिटाई कर दी थी। वह चोर नहीं था। इलाज के बाद उसे छोड़ दिया गया।

### नालंदा में बाइक से गिरी महिला, घायल



**नालंदा** में गुरुवार देर शाम बाइक से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मामला सारे थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइपास इलाके का है। जख्मी महिला की पहचान रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत पेशौर गांव निवासी संजीत पासवान की (30) वर्षीय पत्नी रेनू देवी के रूप में की गई है। बाइक पर पति-पत्नी समेत कुल 7 लोग सवार थे। वहीं महिला के पति और बच्चों को खरोंच तक नहीं आई। दरअसल, महिला अपने पति के साथ ससुराल से अपने मायके अस्थावां थाना क्षेत्र के उगावां नोआवां शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रही थी। तभी वह बाइक से अनियंत्रित होकर सारे थाना क्षेत्र के बाईपास इलाके में सड़क पर गिर गई। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। पति एवं अन्य परिजनों के द्वारा महिला को इलाज के लिए अस्थावां रेफरल अस्पताल इसके बाद बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में जिनलोगों ने भी एक बाइक पर कुल 7 लोगों के बैठकर जाने की बात सुनी वे चौक गए। बहरहाल मामला जो भी हो यह लापरवाही का ही नतीजा है कि महिला अपने गंतव्य तक न पहुँच कर अस्पताल में इलाजरत है। सारे थाना अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है, पता लगाया जा रहा है।

### गया में प्रतिभागियों के लिए सेमिनार आयोजित



**गया** में गुरुवार को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज में सिविल सेवा के प्रतिभागियों के लिए चाणक्य आईएस एकेडमी ने सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार में कॉलेज के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया।सेमिनार को संबोधित करते हुए चाणक्य आईएएस एके-डमी के रीजनल हेड डॉ. कृष्णा सिंह ने कहा कि सिविल सर्विस की तैयारी मुश्किल नहीं है। कोई भी व्यक्ति जो निम्नतम अर्हता रखता है, वो एक उचित मार्गदर्शन में मापदंडों का पालन करके इस परीक्षा में उतीर्ण कर सकता है। इसके लिए लक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए। विद्यार्थी को यह पता होना चाहिए कि उसे क्या बनना है। कब बनना है। क्यों बनना है और कैसे बनना है। उन्होंने कहा कि चाणक्य आईएएस एकेडमी की स्थापना सक्सेस गुरु एके मिश्रा ने 1993 में दिल्ली में की थी। बिहार में तीन शाखाएं समेत देश के विभिन्न राज्यों में 30 शाखाएं हैं। 30 वर्षों में इस संस्थान ने देश को लगभग 5,213 आईएएस , आईपीएस तथा अन्य राज्यस्तरीय सिविल सेवाओं में हजारों चयनित विद्यार्थी इस देश को दिया है। डॉ कृष्णा सिंह ने बताया कि चाणक्य आईएएस एकेडमी आज देश की सर्व प्रतिष्ठित संस्था है जो विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करके न केवल उन्हें सिविल सेवा में चयनित कराने में सहायता प्रदान करती है। बल्कि भविष्य के नौकरशाहों की अपने शिक्षण मार्गदर्शन से व्यापक पैमाने पर नैतिक एवं प्रशासनिक कौशल भी प्रदान करती है। जिससे वे अपने कार्यों को सुगमता से कर सकें। डॉ. कृष्णा सिंह ने गया जिले के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष छात्रवृत्ति की भी घोषणा की। छात्रवृत्ति परीक्षा से विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों को उनकी मेधा के अनुरूप छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

# उद्घाटन और शिकायत

भारत वस्तुतः विविध मत-अभिमत से समृद्ध देश है। इस विशाल देश में कदम-कदम पर विरोध और विरोधाभासों का सामने आना सहज व स्वाभाविक है। भारत के नए संसद भवन परिसर का उद्घाटन एक खुशी का अवसर है, लेकिन इस खुशी के अवसर पर एक शिकायत राजनीतिक गलियारों से होती हुई सर्वोच्च न्यायालय में पहुंच गई है। एक अधिवक्ता ने राष्ट्रपति को उद्घाटन के अवसर पर आमंत्रित न किए जाने की शिकायत सर्वोच्च न्यायालय में कर दी है, इस याचिका को सुप्रीम कोर्ट भले पहली सुनवाई में ही टाल दे या खारिज कर दे, लेकिन यह अपने आप में मानीखेज है कि ऐसी शिकायत भी कोई कर सकता है। क्या ऐसा कोई कानून है, जो किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में सांविधानिक पदों पर बैठी विभूतियों को आमंत्रित करने संबंधी कोई दिशा-निर्देश देता है? क्या केंद्र सरकार ने राष्ट्रपति को उद्घाटन कार्यक्रम में न बुलाकर कोई त्रुटि की है? अगर यह प्रक्रियागत त्रुटि है, तो क्या कानून के तहत भी कमी मानी जा सकती है? इसका फैसला सर्वोच्च न्यायालय को जल्दी करना होगा। यदि इस शिकायत को अदालत में ज्यादा समय तक सुना गया, तो इसका कोई विशेष लाभ नहीं होगा और इससे सिर्फ सियासत को बल मिलेगा। 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित न करना विधायिका या कार्यपालिका द्वारा किया गया फैसला है और इसकी विवेचना अवश्य होनी चाहिए। यह राजनीति का विषय ही नहीं है, व्यावहारिकता से जुड़ा विषय है। ऐसे विषयों पर किसी भी व्यवस्था में बहस लगातार होती रहती है और समय के साथ उसमें सुधार भी होते रहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका में यह शिकायत भी शामिल है कि राष्ट्रपति को ऐसे कार्यक्रम से बाहर रखना अपमान के बराबर है और गुहार लगाई गई है कि राष्ट्रपति को आमंत्रित करने के निर्देश केंद्र सरकार को दिए जाएं। न्यायपालिका अगर ऐसे फैसले करने लगेगी, तो जाहिर है, कार्यपालिका को बहुत समस्या होगी। क्या ऐसे में बेहतर यह नहीं है कि विधायिका ऐसे आयोजनों के बारे में एक प्रोटोकॉल बनाए कि कहां किसको बुलाना है और किसको नहीं बुलाना है? सार्वजनिक आयोजनों से जुड़े फैसलों को चार-पांच लोगों के विवेक पर छोड़ना क्या सही है? कम से कम राष्ट्रपति और राज्यपाल के मामले में आमंत्रण या कार्यक्रम संबंधी दिशा-निर्देश स्पष्ट होने चाहिए। अगर ये अभी तक नहीं बनाए गए हैं, तो बना लेने चाहिए, क्योंकि राजनीति की जो दशा-दिशा है, उसमें आने वाले समय में इस तरह के विवाद बढ़ते चले जाएंगे। ऐसे दिशा-निर्देश मजबूरी में अगर न्यायपालिका बनाने लगे, तो फिर विधायिका के स्वाभिमान को ही चोट लगेगी। गौर करने की बात है कि दायर याचिका में संविधान के अनुच्छेद 79 का हवाला दिया गया है, जो बताता है कि एक संसद होगी, जिसमें राष्ट्रपति और दो सदनों का समावेश होगा। क्या राष्ट्रपति को उद्घाटन कार्यक्रम में न बुलाना अनुच्छेद 79 का उल्लंघन है? इस विवाद की पृष्ठभूमि यह भी है कि 11 राज्य सरकारों को नियंत्रित करने वाली 19 पार्टियों के एक संयुक्त बयान में नई संसद के उद्घाटन संबंधी फैसले को लोकतंत्र पर हमला बता दिया गया।

# गंवा दिया गया मौका

दिनांक 28 मई को निर्धारित नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रीय एकता प्रदर्शित करने का एक मौका बन सकता था, लेकिन दुर्भाग्य से इसको लेकर होने वाली राजनीति सुर्खियां बटोर रही है। विपक्षी दलों ने यह ऐलान किया है कि वे इस आयोजन का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने इस बात को इंगित किया है कि राष्ट्र की मुखिया होने के नाते राष्ट्रपति, न कि सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री को इस भवन का उद्घाटन करना चाहिए। विपक्ष के इस तर्क में दम तो है, लेकिन बहिष्कार एक अतिवादी प्रतिक्रिया है। सरकार और विपक्ष ने इस आयोजन को भी कटुता की एक कड़ी में बदलने में योगदान दिया है। सरकार और विपक्ष के बीच की कटुता ने पहले ही संसद के सार्थक कामकाज को बेहद मुश्किल बना दिया है। एक संयुक्त बयान में, विपक्ष ने कहा है कि ह्लयह अशोभनीय कृत्य राष्ट्रपति के उच्चतम पद का अपमान करता है और संविधान की मूल भावना का उल्लंघन करता हैह्व। इस बयान में विशेष रूप से इस बात का जिक्र किया गया है कि वर्तमान में देश के राष्ट्रपति के पद पर पहली बार एक आदिवासी महिला आसीन है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस आरोप का खंडन करते हुए कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 24 अक्टूबर, 1975 को संसदीय सौंध भवन का उद्घाटन किया था और राजीव गांधी ने 15 अगस्त, 1987 को संसद की पुस्तकालय की नींव रखी थी। फिर भी, किसी सौंध या पुस्तकालय के उद्घाटन की तुलना प्रतिनिधि सरकार के राजसी भवन के उद्घाटन से नहीं की जा सकती। राष्ट्र की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को एक पक्षपातपूर्ण आयोजन में बदलना निश्चित रूप से खराब दृष्टान्त है, लेकिन लोकतंत्र को हो रही भारी क्षति कहीं ज्यादा चिंताजनक है। इससे ज्यादा कठोर विडंबना और कुछ हो नहीं सकती। भले ही बहस-मुबाहिसे की एक नई और चमकदार जगह खुल रही है, लेकिन सरकार और विपक्ष के बीच संवाद या तो नदारद है या फिर दुश्मनी भरा है। लोकतंत्र का आशय इमारतों और मूर्तियों से नहीं है, बल्कि इसका रिश्ता विचार-विमर्श और साझी जमीन तलाशने से है। कई लोकतंत्रों में संसदीय सत्ता की कीमत पर कार्यपालिका की शक्ति में इजाफा चिंता का एक सबब है और अफसोस की बात यह है कि भारत भी इसका गवाह बनता जा रहा है।

# बहुत जरूरी था नए संसद भवन का निर्माण

ANALYSIS



योगेश कुमार गोयल

**शुरुआत में जहां नई संसद बनने पर होने वाले भारी-भरकम खर्च को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर रहा, वहीं अब इसके उद्घाटन की टाइमिंग और इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री के हाथों होने को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। दरअसल सरकार ने इसके उद्घाटन को लेकर वीर सावरकर की जयंती का दिन चुना है, जो विपक्ष को रास नहीं आ रहा है। विपक्ष का तर्क है कि इसका उद्घाटन स्वतंत्रता दिवस या ऐसे ही किसी अन्य ऐतिहासिक अवसर पर भी कराया जा सकता था। इसके अलावा विपक्ष का एक सुर में यह भी कहना है कि नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नहीं बल्कि राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू के हाथों होना चाहिए। बहरहाल, राजनीतिक खींचतान अपनी जगह, लेकिन सवाल यह भी है कि ब्रिटिश काल में बने पुराने भव्य और मजबूत संसद भवन के होने के बावजूद सैंकड़ों करोड़ रुपये खर्च कर नया भवन बनाने की जरूरत आखिर क्यों पड़ी? यहां यह जानना जरूरी है कि पुराने संसद भवन को बने 100 वर्ष पूरे हो गए हैं और उसकी मियाद यही तय की गई थी।**

देश की नई संसद का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसका उद्घाटन 28 मई को हो रहा है। नई संसद के निर्माण का विषय शुरूआत से ही राजनीति का केन्द्रबिन्दु बना हुआ है और अब इसके उद्घाटन के समय भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच घमासान चल रहा है। 10 दिसम्बर, 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारतीय संसद की नई इमारत का शिलान्यास किया गया था, जिसे ढ़ाई वर्ष से भी कम समय में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा कर लिया गया है। 28 मई को इसके उद्घाटन के साथ ही संसद का पुराना भवन प्राचीन धरोहर का हिस्सा बन जाएगा। शुरूआत में जहां नई संसद बनने पर होने वाले भारी-भरकम खर्च को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर रहा, वहीं अब इसके उद्घाटन की टाइमिंग और इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री के हाथों होने को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। दरअसल सरकार ने इसके उद्घाटन को लेकर वीर सावरकर की जयंती का दिन चुना है, जो विपक्ष को रास नहीं आ रहा है। विपक्ष का तर्क है कि इसका उद्घाटन स्वतंत्रता दिवस या ऐसे ही किसी अन्य ऐतिहासिक अवसर पर भी कराया जा सकता था। इसके अलावा विपक्ष का एक सुर में यह भी कहना है कि नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नहीं बल्कि राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू के हाथों होना चाहिए। बहरहाल, राजनीतिक खींचतान अपनी जगह, लेकिन सवाल यह भी है कि ब्रिटिश काल में बने पुराने भव्य और मजबूत संसद भवन के होने के बावजूद सैंकड़ों करोड़ रुपये खर्च कर नया भवन बनाने की जरूरत आखिर क्यों पड़ी? यहां यह जानना जरूरी है कि पुराने संसद भवन को बने 100 वर्ष पूरे हो गए हैं और उसकी मियाद यही तय की गई थी। दूसरे पुरानी संसद



में सदस्यों के बैठने के लिए सीटों की संख्या सीमित है। संसद की नई इमारत में दोनों सदनों की सीटों की संख्या को बढ़ाया गया है ताकि भविष्य में लोकसभा और राज्यसभा में सीटें बढ़ने की स्थिति में किसी प्रकार की कोई परेशानी सामने न आए। देश में 2026 में नए सिरे से लोकसभा सीटों के परिसीमन का कार्य होने की संभावना है, जिसके बाद लोकसभा और राज्यसभा की सीटें बढ़ना तय माना जा रहा है। लोकसभा में फिलहाल 545 सांसद हैं और मौजूदा लोकसभा में करीब 550 संसद सदस्यों के बैठने की ही जगह है। परिसीमन का कार्य होने के बाद सांसदों की संख्या मौजूदा 545 से बढ़ना निश्चित है। माना जा रहा है कि यह संख्या 100 से 150 तक हो सकती है। सवाल है कि तब 150 से ज्यादा सांसद कहां बैठेंगे। इसी प्रकार राज्यसभा की सीटें भी परिसीमन के बाद बढ़ सकती हैं। यही कारण है कि भविष्य की इन जरूरतों को पूरा करने के लिए नए भवन की जरूरत तो पड़ेगी ही ताकि सभी सांसद सहजता से अपना कामकाज कर सकें। ब्रिटिशकालीन संसद भवन में सुविधाओं की कमी और इसके बुनियादी ढ़ांचे में खामियों को देखते हुए 13 जुलाई, 2012 को कांग्रेस के शासनकाल में लोकसभाध्यक्ष मीरा कुमार ने, उसके बाद 9 दिसम्बर 2015 को सुमित्रा महाजन ने तथा 2 अगस्त 2019 को लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला ने सरकार को पत्र लिखकर नए संसद भवन का अनुरोध किया था। नए भवन का शिलान्यास करते समय प्रधानमंत्री ने इसी को रेखांकित करते हुए कहा था कि सांसद ही कई वर्षों से मांग कर रहे थे कि मौजूदा संसद भवन में उनकी जरूरतों के हिसाब से व्यवस्थाएं नहीं हैं, न ही संसद भवन में सांसदों के कार्यालय हैं। समस्या यह थी कि मौजूदा संसद भवन परिसर में जगह की कमी के कारण ये तमाम व्यवस्थाएं करना संभव भी नहीं थी। नए संसद भवन में प्रत्येक सांसद को कार्यालय के लिए 40 वर्ग मीटर स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। संसद की नई इमारत में राज्यसभा का आकार पहले के मुकाबले बढ़ेगा तथा लोकसभा का आकार भी मौजूदा से तीन गुना ज्यादा होगा। लोकसभा सचिवालय के मुताबिक संसद की नई इमारत में प्रत्येक सांसद के लिए अलग ऑफिस होगा और हर ऑफिस सभी आधुनिक डिजिटल तकनीकों से लैस होगा। नई संसद में सांसदों के कार्यालयों को पेपरलेस ऑफिस बनाने के लिए नवीनतम डिजिटल इंटरफेस से लैस किया जा रहा है और इन दफ्तरों को अंडरग्राउंड टनल से जोड़ा जाएगा। सदन में प्रत्येक बेंच पर दो सदस्यों के बैठने की व्यवस्था है और प्रत्येक सीट डिजिटल प्रणाली तथा टचस्क्रीन से सुसज्जित की गई है। नए भवन में कॉन्स्टीट्यूशन हॉल, सांसद लॉज, लाइब्रेरी, कमेटी रूम, भोजनालय और पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है और भवन में करीब 1400 सांसदों के बैठने की व्यवस्था है। नया भवन सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत मौजूदा संसद भवन के पास ही बनाया गया है, जिसके निर्माण के लिए टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को टेंडर मिला था। संसद की नई इमारत का कार्य करीब 22 माह की अवधि में पूरा होने का अनुमान था लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से इसमें थोड़ा विलम्ब हुआ है। नए भवन की आंतरिक और बाहरी सजावट में लकड़ी का व्यापक उपयोग किया गया है और भवन की भव्यता व सुंदरता बढ़ाने के लिए इस पर बहुत सुंदर कारीगरी की गई है। इसके लिए नागपुर से मंगाई गई लकड़ी पर मुम्बई के शिल्पकारों तथा कारीगरों द्वारा खूबसूरत डिजाइन उकेरे गए हैं। नए संसद भवन को वास्तुकार बिमल पटेल के दिशा-निर्देशन में अहमदाबाद स्थित एचसीपी डिजाइन, प्लानिंग व मैनेजमेंट ने डिजाइन किया है। वास्तुविदों ने संसद के नए भवन को बनाने के लिए कई देशों की संसद का निरीक्षण कर उनसे प्रेरणा ली। नई संसद में रेन हार्वेस्टिंग प्रणाली तथा वाटर रिसाइकलिंग प्रणाली के भी प्रबंध किए गए हैं। नई संसद वायु एवं ध्वनि प्रदूषण से पूरी तरह मुक्त होगी और इसमें सौर प्रणाली से ऊर्जा की बचत भी होगी। तमाम सुरक्षा सुविधाओं से लैस त्रिकोणीय आकार की इस भव्य इमारत को भूकम्परोधी तकनीक से बनाया गया है। 64, 500 वर्गमीटर क्षेत्र में बने नए संसद भवन में एक बेसमेंट सहित कुल चार फ्लोर हैं, जिसकी ऊंचाई संसद के मौजूदा भवन के बराबर ही है। लोकसभा कक्ष का डिजाइन राष्ट्रीय पक्षी मयूर जैसा जबकि राज्यसभा कक्ष का डिजाइन राष्ट्रीय पुष्प कमल जैसा बनाया गया है। संसद की नई इमारत में उच्चतम संरचनात्मक सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए उच्च गुणवत्ता वाली ध्वनि, आधुनिक दृश्य-श्रव्य सुविधाएं, डाटा नेटवर्क प्रणाली, बैठने की आरामदायक व्यवस्था, प्रभावी और समावेशी आपातकालीन निकासी की व्यवस्थाएं भी हैं। नया संसद भवन त्रिकोणीय है, जिसका निर्माण वैदिक रीति से वास्तु के अनुसार किया गया है और यह अत्याधुनिक, तकनीकी सुविधाओं से युक्त तथा ऊर्जा कुशल भी है। कुल मिलाकर नए भवन की सज्जा में भारतीय संस्कृति, क्षेत्रीय कला, शिल्प एवं वास्तुकला की विविधता का समृद्ध मिला-जुला स्वरूप है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# UPSC परिणामों में दिखी हिन्दी की बढ़ती ताकत

**चाहे बात चयनित विद्यार्थियों की हो या टॉप रैंक की, हिन्दी माध्यम हमेशा से संघर्ष करता रहा है। इसलिए कहा जाने लगा था कि हिन्दी माध्यम से देश की इस सबसे खास परीक्षा को उत्तीर्ण करना लगभग असंभव है। लेकिन इस साल 2022 के परिणाम बेहतरीन रहे हैं। ये एक तरह से बेहतर भविष्य की उम्मीद पैदा कर रहे हैं। पिछले साल आए 2021 के परिणाम में हिन्दी माध्यम वाले 24 उम्मीदवार सफल हुए थे, इस बार पिछले से 30 ज्यादा। यानी हिन्दी का ग्राफ धीरे-धीरे सुधर रहा है। हिन्दी माध्यम की टॉपर 66वीं रैंक हासिल करने वाली कृतिका मिश्रा कानपुर की रहने वाली हैं। दिव्या तंवर ने इस बार 105वीं रैंक हासिल की है।**

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की साल 2022 के परीक्षा परिणाम इस साल 23 मई को आए। यूपीएससी के परिणामों को नतीजा आने के बाद हर साल गहराई से विश्लेषण होता रहा है। पर इस बारे में अधिक चर्चा नहीं हो रही कि इस बार सफल हुए अभ्यार्थियों में हिन्दी माध्यम से परीक्षा देने वालों का आंकड़ा शानदार रहा है। यह पिछले 20-25 वर्षों का सर्वश्रेष्ठ परिणाम है। इस बार हिन्दी माध्यम से कुल 54 उम्मीदवारों का चयन हुआ है, जिनमें रैंक 66, 85, 89, 105 और 120 प्रमुख हैं। यूपीएससी द्वारा आयोजित इस परीक्षा में हिन्दी माध्यम के विद्यार्थी पिछले कुछ सालों से लगातार अपेक्षित नतीजे नहीं दे पा रहे थे। चाहे बात चयनित विद्यार्थियों की हो या टॉप रैंक की, हिन्दी माध्यम हमेशा से संघर्ष करता रहा है। इसलिए कहा जाने लगा था कि हिन्दी माध्यम से देश की इस सबसे खास परीक्षा को उत्तीर्ण करना लगभग असंभव है। लेकिन इस साल 2022 के परिणाम बेहतरीन रहे हैं। ये एक तरह से बेहतर भविष्य की उम्मीद पैदा कर रहे हैं। पिछले साल आए 2021 के परिणाम में हिन्दी माध्यम वाले 24 उम्मीदवार सफल हुए थे, इस बार पिछले से 30 ज्यादा। यानी हिन्दी का ग्राफ धीरे-धीरे सुधर रहा है। हिन्दी माध्यम की टॉपर 66वीं रैंक हासिल करने वाली कृतिका मिश्रा कानपुर की रहने वाली हैं। दिव्या तंवर ने इस बार 105वीं रैंक हासिल की है। 2021 बैच में भी दिव्या ने 438वीं रैंक हासिल की थी और सबसे कम उम्र ( सिर्फ 22 साल) की आईपीएस चुनी गई थीं। अब वह आईएएस हो गई हैं। दरअसल इस बार के नतीजों में सबसे खास बात यह है कि हिन्दी के माध्यम से परीक्षा देने वाले 54 उम्मीदवारों में से 29 ने वैकल्पिक विषय के रूप में हिन्दी साहित्य लेकर यह कामयाबी हासिल की है। पांच-पांच उम्मीदवार ऐसे भी सफल हुए जिन्होंने इतिहास, भूगोल व राजनीति विज्ञान विषय लिया था। दो छात्रों ने गणित विषय लेकर हिन्दी माध्यम से सफलता हासिल की, जिनमें से एक ने 120वीं रैंक हासिल की है। अगर बात पिछले साल की जारी रखें तो राजस्थान के रवि कुमार सिहाग 18वीं रैंक के साथ हिन्दी मीडियम से परीक्षा देने वालों में टॉपर बने थे। सात साल के बाद हिन्दी माध्यम का कोई छात्र यूपीएससी पास करने वाले शीर्ष 25 उम्मीदवारों में जगह बना पाया था। इससे पहले सिविल सेवा की 2014 की परीक्षा में निशांत कुमार जैन 13वें स्थान पर रहे थे। मैं आगे बढ़ने से पहले बताना चाहता हूं कि भारत के पूर्व विदेश सचिव शशांक संभवतः देश के हिन्दी माध्यम से यूपीएससी की परीक्षा में सफलता पाने वाले पहले उम्मीदवार थे। वे भारत के बहुत सफल विदेश सचिव के रूप में याद किए जाते हैं। इसी तरह से दिल्ली पुलिस के आला अफसर अजय चौधरी ने भी हिन्दी को यूपीएससी में परीक्षा देने का माध्यम बनाया था। वे दिल्ली पुलिस के धाकड़ पुलिस अधिकारी रहे हैं। इस बेहतर परिणाम में सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी के लिये कोचिंग देने वाले दृष्टि आईएएस संस्थान का विशेष योगदान है। इस बार हिन्दी माध्यम से चयनित 54 से अधिक विद्यार्थी परीक्षा के किसी न किसी स्तर पर दृष्टि संस्थान से जुड़े रहे हैं। यहां के प्रमुख विद्वान डॉ. विकास दिव्यकीर्ति कहते हैं कि हमने कुछ साल पहले हिन्दी माध्यम के परिणाम को सुधारने के लिए कई पहलों की शुरूआत कर दी थी। जैसे कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को दिल्ली में रहने और पढ़ने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 'अस्मिता' नाम से एक कार्यक्रम शुरू किया है। इसके अलावा परिणाम में सुधार करने के लिए हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों को विशेष तौर पर मेंटरशिप और लाइब्रेरी की सुविधा भी दी जा रही है। इन्हीं तमाम प्रयासों का परिणाम रहा है कि आज इतना बेहतर हो सका है और उम्मीद है कि परिणाम भविष्य में और बेहतर हो सकेगा। अगर बात हिन्दी से हटकर करें तो जो अभ्यार्थी आईएएस, आईपीएस, आईएफएस और अन्य सेवाओं में जाएंगे उनसे देश को अनेक उम्मीदें रहेंगी। उनसे पहली अपेक्षा तो यही होगी कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार के जनकल्याण के कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाएं। सरकार की तरफ से आने वाली योजनाओं को लागू करने का काम तो अफसरों पर ही निर्भर होता है। उन्हें यह देखना होता है कि सरकारी कार्यक्रम सही से लागू हों। इस मोर्चे पर बहुत से अफसर निकम्मे ही साबित होते हैं। कई बार ईमानदार अफसरों को जान से भी हाथ धोना पड़ा है। कुछ साल पहले चंडीगढ़ से सटे खरड़ शहर में जोनल लाइसेंसिंग अथॉरिटी में अधिकारी नेहा शौरी की उनके दफ्तर में ही गोली मार कर हत्या कर गई थी। नेहा शौरी एक बेहद मेहनती और ईमानदार सरकारी अफसर थीं। बेईमानों को छोड़ती नहीं थीं। इसका खामियाजा उन्हें जान देकर देना पड़ा। नेहा से पहले सत्येंद्र दुबे हों, मंजूनाथ हों या अशोक खेमका, इन्हें ईमानदारी की भारी कीमत अदा करनी पड़ी थी। सरकार को अपने ईमानदार अफसरों के साथ हमेशा खड़ा होना होगा,साथ देना होगा।

## Social Media Corner

सच के हक में...



धन्यवाद, आभार और जोहार माननीय राष्ट्रपति परम आदरणीय द्रौपदी मुर्मु जी।
झारखण्ड की आपकी इस यात्रा से संपूर्ण राज्यवासियों में ऊर्जा का संचार हुआ है।
आपका मार्गदर्शन हमें हमेशा ऐसे ही मिलता रहे, आप सदैव स्वस्थ रहें, यही कामना करता हूं।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



कांग्रेसियों को नैतिक अधिकार है कुछ बोलने काजब महामहिम चुनाव लड़ रही थीं, उस समय उनके विरोध में उम्मीदवार उतारकर इन लोगों को लाज नहीं आई? आदिवासी समाज का इससे बड़ा अपमान और क्या होगा कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति नहीं बनने देना चाहती थी। एक आदिवासी को राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए आप लोगों ने कितनी बाधाएं उत्पन्न कीं, किस मुँह से अपमान की बात करते हैं? कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय और समानता की शत्रु है तथा अवसरवादिता इन लोगों की राजनीति का डीएनए।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# विपक्ष के 'इस' कदम के सियासी मायने

राजनीति में कभी कोई किसी का सगा नहीं होता। पक्ष और विपक्ष तो एक-दूसरे के लिए कभी नहीं। दोनों एक-दूसरे को घेरने के मौके की ताक में रहते हैं। ऐसा ही कुछ नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह को लेकर हो रहा है। इससे हमारे जनप्रतिनिधियों के बौद्धिक स्तर और स्वार्थ लोलुपता दोनों का पता चलता है। यह बिलकुल साफ है कि इसे आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत मुद्दा बनाया जा रहा है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल सभी दल एक जुट हैं। कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) में शामिल दलों और उनके संभावित सहयोगियों में परस्पर विरोधी रुख है। भाजपा नीत गठबंधन 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों करवाने पर एकजुट है और विपक्ष को संसदीय इतिहास का आईना दिखा रहा है। संप्रग के समर्थक दलों ने इसके खिलाफ मोर्चा खोलते हुए इसे राष्ट्रपति और लोकतंत्र का अपमान बताया है। संप्रग के 19 विपक्षी दलों ने साफ कहा है कि वे उद्घाटन समारोह में नहीं जाएंगे और सामूहिक बहिष्कार करेंगे। इस पूरे प्रकरण पर दोनों दलों के महत्वपूर्ण नेताओं के बयान पर गौर किया जाए तो स्पष्ट हो जाता है कि अपनी राजनीतिक हठधर्मिता के चलते ये लोग इतिहास और वर्तमान से लोगों गुमराह कर रहे हैं। इसका मकसद मीडिया की सुर्खियां बटोरना नजर आता है। कुछ लोग इसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संवैधानिक हक छीनने की कोशिश कह रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है यह सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान है। संसद अहंकार की ईंटों से नहीं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों से बनती है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सभी को समान मौका देना सच्ची संसदीय परम्परा है। जहां विपक्ष का मान नहीं, वो सच्ची संसद नहीं हो सकती। उल्लेखनीय है कि ये वही लोग हैं जब सत्ता में थे तो सभी राजनीतिक मयार्दाओं को तार-तार कर दिया गया था। किसी ने अपने प्रधानमंत्री को नीचा दिखाया तो किसी ने अपने चाचा को। विपक्षियों की बौखलाहट पर केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने सधा हुआ बयान देकर यह स्पष्ट कर दिया कि लोकसभा अध्यक्ष संसद के संरक्षक हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया है। इसलिए इसमें कोई गलत बात नहीं है। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्व सरमा ने कहा कि विपक्ष ने यह कभी नहीं सोचा था कि नया संसद भवन इतनी जल्दी बन जाएगा। यह उनके लिए 'बाउंसर' जैसा है। मतलब अब उन्हें सियासी चोट लग रही है तो वो क्या करें? विपक्ष के नहले पर दहला फेंकते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यह पहली बार नहीं है जब देश के प्रधानमंत्री इस प्रकार के किसी उद्घाटन कार्यक्रम के साक्षी बन रहे हों। बल्कि इससे पहले पार्लियामेंट एनेक्सी का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी द्वारा किया जा चुका है। पार्लियामेंट लाइब्रेरी का शिलान्यास पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा किया गया था। इसके अलावा और भी कई उदाहरण हैं। योगी ने कहा कि नया संसद भवन आज की आवश्यकताओं के अनुरूप है। यह आगामी 100 वर्ष के विजन को लेकर बना है और इसमें परंपरा और आधुनिकता का समावेश है। यह दूरदर्शी तरीके के साथ बनाई गई है। हर एक पार्लियामेंटेरियन को प्रॉपर स्पेस और हर प्रकार की सुविधा मिल सके, इस बात को ध्यान में रखा गया है। महत्वपूर्ण यह है कि इतने उदाहरण होने के बावजूद विपक्ष द्वारा जिस प्रकार इस गरिमामयी कार्यक्रम का साक्षी बनने के ऐतिहासिक क्षण को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है, उसे देश कतई स्वीकार नहीं करेगा।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



निर्णय सरकार का है तो उस निर्णय के पीछे जरूर कोई न कोई ठोस कारण रहे होंगे। निर्णय को मानने के लिए देश की जनता बाध्य भी है मगर इस बात का जरूर ध्यान रखा जाना चाहिए कि लोगों को परेशानी नहीं हो। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जारी आदेश के बाद दो हजार रुपये के नोट वापस लिए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हजारों ग्राहक रोजाना दो हजार के नोट को बदलने के लिए बैंकों में पहुंच रहे हैं। प्रक्रिया को लेकर कई बार भ्रामक स्थिति बन रही है। दरअसल, लोगों को नोट बदली के अलग-अलग नियम बताए जा रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं में जहां 2000 के नोट देने के बाद तुरंत कैश दिया जा रहा है वहीं बैंक आफ इंडिया, इंडियन बैंक आदि जगहों पर आधार, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी कार्ड, पासपोर्ट, जाबकार्ड, पैनकार्ड आदि के नंबर ग्राहकों से मांगे जा रहे हैं। इसके साथ ही डक्यूमेंट फार्म भरना पड़ रहा है। इसके बाद ही दो हजार के नोट को बदला जा रहा है। बैंकों में नोट बदलने के लिए पहुंचनेवालों की कतार अब लंबी होने लगी है। कुछ बैंकों में नोट बदली के दौरान ग्राहकों को एक्सचेंज फार्म भरना पड़ रहा है। इसमें आधार कार्ड नंबर ग्राहकों को देना पड़ रहा है। जिनके पास आधार कार्ड या उसका नंबर नही है उन्हें निराश घर लौटना पड़ रहा है। कुछ लोग तो ऐसा भी मान रहे हैं कि बेवजह उन्हें झंझट में डाल दिया गया है। राशन दुकानदार, पेट्रोल पंप संचालक, हास्टपिल वाले लेने से हिचकिचाते नजर आ रहे हैं। जरूरत प्रक्रिया और व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने की है। सरकार और बैंकों को लोगों को जागरूक करना चाहिए। साथ ही उन्हें बार-बार बताया जाना चाहिए कि नोट बदलने में उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी।

**रूना मिश्रा शुक्ला, अधिवक्ता, रांची।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# डब्ल्यूटीसी फाइनल 2023 : आईसीसी ने प्राइज मनी का किया ऐलान, डब्ल्यूटीसी विजेता टीम को मिलेंगे 13.21 करोड़ , उपविजेता को 6.50 करोड़ रुपए : आईसीसी

**चेन्नई (एजेंसी)।** दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले माह जून में होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की विजेता टीम को 16 लाख डॉलर करीब 13.21 करोड़ रुपये का इनाम मिलेगा। वहीं उप-विजेता टीम को 800,000 डॉलर (6.50 करोड़ रुपए) मिलेंगे। चैंपियनशिप का फाइनल लंदन के द ओवल, में 7 से 11 जून तक खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट की ईनामी राशि उतनी ही है जितनी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2019-21 की थी। उस समय न्यूजीलैंड की ने 16 लाख डॉलर ईनामी राशि जीती थी। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की कुल 38 लाख डॉलर ईनामी राशि में से सभी नौ टीमों को हिस्सा मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका को तीसरे स्थान पर रहने के लिये 450000 डॉलर करीब 3 करोड़ 72 लाख मिलेंगे जबकि इंग्लैंड को चौथे स्थान पर रहने के 350000 डॉलर तकरीबन 2 करोड़ 90 लाख मिलेंगे। श्रीलंका को पांचवें स्थान पर रहने के लिए दो लाख डॉलर यानी कि करीब 1 करोड़ 65 लाख दिए जाएंगे। वहीं बची हुई टीमों को एक-एक लाख डॉलर करीब 82 लाख रूपए मिलेंगे।



### फाइनल 2023 के लिए भारत और ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है

**भारतीय टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, केएस भरत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट।

**स्टैंडबाय खिलाड़ी:** ऋतुराज गायकवाड़, मुकेश कुमार, सूर्यकुमार यादव।

**ऑस्ट्रेलियाई टीम :** पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी, कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मारनस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, टोड मर्फी , मैथ्यू रेनशॉ, स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), मिशेल स्टार्क और डेविड वार्नर।

# सिंधू मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में, श्रीकांत हारे



**कुआलालंपुर। (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक चैम्पियन पी वी सिंधू मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई जिसने महिला एकल में चीन की यि मान झांग को हराया। छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने निचली रैंकिंग वाली झांग को 21 . 16, 13 . 21, 22 . 20 से मात दी। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज सिंधू ने 18वीं रैंकिंग वाली झांग से आल इंग्लैंड ओपन के अंतिम 32 दौर में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया।

सिंधू का सामना दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का टी से होगा जिसने चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त यि झि वांग को 21 . 18, 22 . 20 से मात दी। पुरूष एकल में किदाम्बी श्रीकांत को इंडोनेशिया के क्वालीफायर क्रिस्टियन एडिनाटा ने 16 . 21, 21 . 16, 21 . 11 से हरा दिया।

# फिनलैंड में अभ्यास करेंगे नीरज



नई दिल्ली । विश्व के शीर्ष भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को अगले माह जून में होने वाले बड़े टूर्नामेंटों के लिये फिनलैंड में अभ्यास की अनुमति मिल गयी है । युवा कार्य और खेल मंत्रालय के अनुसार ओलंपिक स्वर्ण विजेता नीरज फिनलैंड के कुओर्तानि ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर में अभ्यास करेंगे । नीरज ने साल 2022 में भी वहां अभ्यास किया था। वहीं अन्य प्रस्तावों में मिशन ओलंपिक सेल ने टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन के ताईवान में अभ्यास के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया है । दूसरी ओर अनुभवी महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और साथियान ज्ञानशेखरन को निजी कोचों को अलग–अलग टूर्नामेंटों में साथ ले जाने को भी अनुमति मिल गयी है । इसमें वित्तीय सहायता में हवाई यात्रा का खर्च, शिविर का खर्च, रहने और चिकित्सा बीमा के खर्च के अलावा आउट आफ पॉकेट भत्ता भी शामिल रहेगा ।

# डब्ल्यूटीसी के बाद मिलेगा सीनियर खिलाड़ियों को आराम

### –हार्दिक की कप्तानी में घरेलू सीरीज खेल सकती है युवा टीम

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम अगले माह जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के बाद पड़ोसी देश अफगानिस्तान से एक घरेलू सीरीज खेलेगी। इसमें अनुभवी खिलाड़ियों की जगह युवा खिलाड़ियों को जगह मिल सकती है। इस सीरीज में टीम की कप्तानी हार्दिक पांड्या को मिल सकती है। इसके अलावा, हार्दिक पांड्या की कप्तानी में सीमित ओवरों के प्रारूप में एक सीरीज होने की भी संभावना है। इसमें भी वरिष्ठ खिलाड़ियों को शामिल न करते हुए आराम दिया जाएगा। इस कार्यभार प्रबंधन की योजना वेस्टइंडीज दौरे को ध्यान में रखते हुए बनाई जा रही है, टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को घरेलू सीरीज के दौरान आराम दिया जाएगा। इसके अलावा, बीसीसीआई सीरीज को कम करने पर भी विचार कर सकता है क्योंकि सीरीज के प्रबंधन के लिए केवल 20 और 30 जून के बीच की ही विंडो है। भारतीय टीम इंडिया वेस्टइंडीज दौरे पर पांच टी-20, तीन एकदिवसीय और दो टेस्ट खेलेगी। यह दौरा 12 जुलाई से शुरू होगा और 13 अगस्त को समाप्त होगा। इसके बाद भारतीय टीम टी20 सीरीज खेलने आयरलैंड जाएगी।

# एएफसी एशियाई कप से पहले लगातार खेलने से लाभ होगा: गुरप्रीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय फुटबॉल टीम के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने कहा कि अगले साल होने वाले एएफसी एशियाई कप से पहले लगातार अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिलना खिलाड़ियों के लिए अच्छा है। इससे उनका मनोबल और कौशल बढ़ता है। गुरप्रीत ने कहा कि उनके और साथी खिलाड़ी अमरिंदर सिंह के बीच प्रतिस्पर्धा है पर उनका लक्ष्य अहम मैच जीतना है। इस साल की शुरुआत में इंफाल में तीन देशों के टूर्नामेंट में भारत ने म्यामां को 1-0 से और किर्गिस्तान को 2-0 से हराकर खिताब जीता था और टूर्नामेंट में गुरप्रीत और अमरिंदर दोनों ने इसमें संयुक्त रूप से 'टूर्नामेंट के गोलकीपर' का पुरस्कार जीता था। गुरप्रीत ने कहा, ''खिलाड़ियों के बीच



संबंध बहुत अच्छे हैं। टीम में स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा है पर हम भाइयों की तरह हैं और हम सभी जानते हैं कि हमारे में से कोई भी किसी निश्चित दिन टीम के लिए काम कर सकता है।'' उन्होंने कहा, ''देश के लिए खेलना सबसे अधिक सम्मान की बात है और जब भी अवर मिले हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है। हम सभी की इच्छा टीम को जीतते हुए देखने की है, केवल मैदान पर रहने की नहीं।''

गुरप्रीत का मानना है कि एशियाई कप से पहले लगातार टूर्नामेंट खेलना भारतीय टीम के लिए 'बहुत अच्छा' है। टीम कई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने की तैयारी कर रही है जिसमें - भुवनेश्वर में इंटरकॉन्टिनेंटल कप, बेंगलुरू में सैफ चैंपियनशिप, थाईलैंड में किंग्स कप (सितंबर) और मलेशिया में मर्डेका कप (अक्टूबर) शामिल हैं। कतर में जनवरी-फरवरी में होने वाले एशियाई कप की तैयारी कर रही भारतीय टीम इंटरकॉन्टिनेंटल कप से पहले भुवनेश्वर में प्रशिक्षण शिविर में कड़ी मेहनत कर रही है। गुरप्रीत का मानना है कि यह खिलाड़ियों के लिए अपने कौशल को बेहतर बनाने का अच्छा मौका है।

# लगा था पदक विजेता खिलाड़ी होने के कारण हमारी बात सुनी जाएगी पर ऐसा नहीं हुआ : बजरंग

नई दिल्ली । ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पुनिया पिछले काफी दिनों से कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर मंतर पर धरने पर बैठे हैं । बृजभूषण पर पहलवानों ने यौन शोषण के आरोप लगाये हैं । इसके बाद भी बृजभूषण के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से ये पहलवान निराश हैं । बजरंग के अनुसार शुरुआत में उन्हें लगता था कि पदक विजेता अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी होने के कारण उनकी बात सुनी जाएगी और धरने पर बैठने तक की नौबत नहीं आयेगी पर उनका भरोसा गलत साबित हुआ । इसके साथ ही अपनी मांगों को लेकर यहां धरने पर बैठे कई अन्य लोगों को देखकर भी बजरंग दुखी हैं उन्होंने कहा कि हमें ही नहीं अन्य कई लोगों को भी परेशानियां हैं जिसका अब हमें अहसास हुआ है । अपने विरोध प्रदर्शन को लेकर बजरंग ने कहा 'हमें ये कभी भी नहीं लगा था कि हमारे इतने सारे पदक जीतने के बाद भी हमारी आवाज नहीं सुनी जाएगी पर हकीकत कुछ और ही है ।' गौरतलब है कि बृजभूषण भाजपा सांसद हैं और माना जा रहा है कि इसी कारण उनके खिलाफ अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये हैं । बजरंग ने अपने विरोध प्रदर्शन को लेकर कहा, 'हम जानते हैं कि हम किसके खिलाफ हैं लेकिन हम डरते नहीं हैं ।' पुनिया ने ये भी कहा कि जब दिसंबर में उन्होंने विनेश फोगाट और साक्षी मलिक के साथ विरोध प्रदर्शन का फैसला किया था तो आगे की सभी कठिन संभावनाओं के बारे में सोचा था पर जिस तरह से अब चीजें सामने आ रही हैं । वो उनके दायरे बाहर हैं । गत एक माह से अधिक समय से धरने पर बैठे बजरंग ने कहा कि हम जानते थे कि हमारा करियर समाप्त हो सकता है । हम जानते थे कि धरने पर बैठने के बाद कोचिंग या प्रशासन जैसे करियर के बाद विकल्प हमारे लिए उपलब्ध नहीं हो सकते हैं । इसके अलावा हमें झूठे मामलों में भी फंसाया जा सकता है पर बाद में लगा कि जब कारण वास्तविक हो और संकल्प मजबूत हो तो डरने की कोई जरुरत नहीं होती । यह एक कठिन फैसला था पर पहलवान होने के कारण हम बिना लड़े हार नहीं मानते ।



# फ्रेंच ओपन में अल्काराज़ खेलेंगे क्वालिफायर से, जोकोविच और एलेक्जेंडर में होगी टक्कर

**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के लिए ड्रॉ जारी हो गया है। इसमें विश्वक के नंबर एक खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ और पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रहे सर्बिया के नोवाक जोकोविच के बीच सेमीफाइनल में मुकाबला हो सकता है। इसमें अल्काराज अपने अभियान की शुरुआत एक क्वालिफायर खिलाड़ी के खिलाफ करेंगे जबकि जोकोविच का मुकाबला पहले चरण में अमरीका के एलेक्जेंडर कोवासेविच से होगा। इस टूर्नामेंट में स्पेन के राफेल नडाल चोटिल होने के कारण भाग नहीं ले रहे हैं। यह साल 2004 के बाद पहली बार होगा कि जब नडाल अपने सबसे पसंदीदा टूर्नामेंट में नहीं नजर आयेंगे। वहीं कैस्पर रूड पहले चरण में क्वालिफायर खिलाड़ी का मुकाबला करेंगे। इसके अलावा क्वार्टरफाइनल में उनका मुकाबला डेनमार्क के होल्गर रूने से भी होने की संभावना है।



इस टूर्नामेंट में दानील मेदवेदेव भी एक क्वालिफायर खिलाड़ी के विरुद्ध शुरुआत करेंगे। क्वार्टरफाइनल में मेदवेदेव का मुकाबला इटली के जैनिक सिनर से हो सकता है। इसके अलावा विश्व के पांचवें नंबर के खिलाफ यूनान के स्तेफानोस सितसिपास पहले चरण में चेक गणराज्य के जिरी वेस्ली का मुकाबला करेंगे। पांचवीं वरीयता प्राप्त सितसिपास का मुकाबला क्वार्टरफाइनल में अल्काराज़ से भी हो सकता है। वहीं महिला वर्ग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियातेक अपना पहला मुकाबला स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा से खेलेंगी। स्वियातेक को क्वार्टरफाइनल में अमेरिका की कोको गौफ से भी खेलना पड़ सकता है। वहीं मौजूदा विंबलडन चैंपियन ऐलीना रिबाकिना क्वालिफायर के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

# जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट : भारतीय टीम ने जापान को 3-1 से हराया

**मस्कत (एजेंसी)।** ओमान में जारी जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने जापान को 3-1 से हरा दिया। इस मैच में भारतीय टीम ने शुरुआत में एक गोल से पीछे होने के बाद शानदार वापसी कर जीत दर्ज की। भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने पूल ए के दूसरे मैच में एक गोल से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए मुकाबला जीता। इस मैच में भारतीय टीम की ओर से अराइजीत सिंह हुंडल ने 36 वें , शारदानंद तिवारी ने 39वें और उत्तम सिंह ने 56 वें मिनट में गोल किये। वहीं जापान की ओर से कुंपेइ यासुडा ने 19वां ने गोल दागा। इस प्रकार भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में लगातार दूसरा मुकाबला जीता है। इस मैच में भारतीय खिलाडियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए पहले ही मिनट से हमले शुरु कर दिये। जापान ने हालांकि मुकाबले में पहला गोल किया। पहले क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पायी। वहीं दूसरे क्वार्टर में जापान की ओर से यासुडा ने एक गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। एक गोल से पीछे होने के बाद भारतीय टीम की ओर से अराइजीत ने एक गोल दाग कर मैच 1-1 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद भारतीय टीम को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले जिस पर शारदानंद ने गोल करके उसे 2-1 से आगे कर दिया। इसके बाद अंतिम क्वार्टर में उत्तम सिंह ने पेनल्टी पर एक गोल करके स्कोर 3-1 कर दिया।



# रोहित को कप्तान के तौर पर धोनी जितना श्रेय नहीं मिला : गावस्कर

**मुम्बई (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा है कि मुंबई इंडियंस को सबसे अधिक पांच बार खिताब जिताने के बाद भी कप्तान के तौर पर रोहित शर्मा को उतना श्रेय नहीं मिला जितना चेन्नई के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को मिला है। गावस्कर ने कहा कि रोहित ने अपने नेतृत्व कौशल से ही एलिमिनेटर में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एक अच्छी योजना बनायी थी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार इस लीग में हार के साथ मुम्बई की शुरुआत हुई थी। उसके बाद भी रोहित ने टीम को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना जारी रखा। अपने पहले सात मैचों में से चार में हारने के बाद और आईपीएल 2023 पॉइंट्स स्टैंडिंग के नीचे गिरने के बाद भी जिस प्रकार मुंबई ने प्लेऑफ में आगे बढ़ने के लिए अपने अगले सात मैचों में से पांच में जीत हासिल की यहा रोहित की कप्तानी क्षमता से ही हुआ।

गावस्कर ने रोहित की रणनीति पर कहा , जब उन्होंने एक ओवर में युवा हिटर आयुष बडोनी और विंडीज स्टार निकोलस पूरन को पेवेलियन भेजने के लिए अचानक ही आकाश मधवाल को लगाया। अगर इसी हाल में टीम सीएसके होती तब हर कोई कहता कि धोनी ने पूरन को आउट करने की साजिश रची। बहुत हद तक ऐसा ही होता है।

गावस्कर ने कहा, मैं जो कह रहा हूं वह यह है कि रोहित को मधवाल को राउंड द विकेट गेंदबाजी करने के लिए कहने का श्रेय नहीं मिला। कप्तानी की स्थिति का भी नहीं मिला। याद रखें, नेहल वढेरा को पहले बल्लेबाजी करने वाले इंपैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल किया गया था। जब टीमें पहले बल्लेबाजी कर रही होती हैं तो वे आम तौर पर बल्लेबाजों को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में इस्तेमाल नहीं करती हैं। लेकिन रोहित ने नेहल का इस्तेमाल किया। इसलिए रोहित को इसका श्रेय भी दें।



# एलपीजीए गोल्फ के शुरुआती मुकाबले में हारी भारत की अदिति

लास वेगास । भारत की अदिति अशोक यहां बैंक ऑफ होप एलपीजीए गोल्फ मैच प्ले के पहले ही मुकाबले में हार गयीं । अदिति को इस मुकाबले में फ्रांस की पेरिन डेलाकोर के खिलाफ बढ़त के बाद भी हार का सामना करना पड़ा । अदिति ने इस मैच में अधिकतर समय तक मुकाबले में बढ़त बनाई हुई थी पर अंतिम दो होल में वह पीछे हो गयी। अदिति और डेलोकोर ने अंतिम होल से पहले बराबर पांच बर्डी की थी पर फ्रांसीसी खिलाड़ी ने 18वें और अंतिम होल में एक और बर्डी के साथ ही भारतीय खिलाड़ी को पीछे छोड़ दिया । इस टूर्नामेंट में 64 खिलाड़ी भाग ले रही हैं और ये टूर्नामेंट राउंड रोबिन आधार पर खेला जा रहा है ।



# ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ रक्षापंक्ति की मजबूती पर ध्यान देंगे : दीप

एडिलेड । भारतीय महिला हॉकी टीम अब ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ शनिवार को होने वाले मैच में रक्षापंक्ति पर अधिक ध्यान देगी । आगामी एशियाई खेलों की तैयारियों के सिलसिले में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गयी भारतीय टीम की उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा कि टीम की सफलता के लिए रक्षा पंक्ति का मजबूत होना जरूरी है । एक्का ने कहा,'' यह देखते हुए कि हमने ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम का सामना किया, हमने पहले तीन मैचों में विशेषकर आक्रमण के लिहाज से अच्छा प्रदर्शन किया पर हमने कुछ अधिक गोल खाये जो रक्षापंक्त की कमजोरी के कारण हुए । इसलिए अब हमें अगले मैच में अपनी रक्षापंक्त पर ध्यान देना होगा । भारतीय टीम ने अभी तक इस दौरे में आक्रामक खेल दिखाया है पर ऑस्ट्रेलियाई टीम को गोल करने से नहीं रोक पायी है । एक्का ने कहा,'' इसके साथ ही अगर हमारी रक्षापंक्ती मजबूती दिखाएगी तो अग्रिम पंक्ति के लिए निडर होकर खेलना आसान होगा । इससे हम विरोधी टीम पर दबाव बना सकेंगे । इससे आने वाले टूर्नामेंटों में भी हमें लाभ मिलेगा । पिछले कुछ समय में भारतीय टीम का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है जिससे टीम को एशियाई खेलों में पदक की उम्मीद है ।

# एशियाई खेलों में पदक जीतना चाहती है प्रिया

नई दिल्ली । एथलीट प्रिया एच मोहन का लक्ष्य आगामी एशियाई खेलों में 400 मीटर की रेस में स्वर्ण पदक जीतना है । इसके लिए प्रिया अभी क्यूबा के कोच एनियेर गार्सिया के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रही है । प्रिया ने साल 2021 में 52 .77 सेकंड का समय निकालकर सबसे तेज 400 मीटर की धाविका बनने की उपलब्धि हासिल की थी । वहीं दो विश्व अंडर 20 चैम्पियनशिप में पदक जीतने में विफल रहने के बाद उसने कहा कि अब नयी शुरूआत की जरूरत है । हाल ही में उसने लंबे समय से कोच रहे अर्जुन अजय को हटाकर उनकी जगह गार्सिया को अपना कोच बनाया था । प्रिया ने कहा ,'' इन चार साल में मेरे कैरियर में कई उतार चढाव आये । कई बार आप ऊपर जाते हैं और कई बार नीचे आ जाते हैं । खिलाड़ी के जीवन में नीचे आना जरूरी है क्योंकि इसके बाद वह मजबूती से वापसी कर पाता है ।''उसने कहा,'' मैने नये कोच के साथ शुरूआत की है । यह नयी शुरूआत है । हमें बहुत सारे लक्ष्य हासिल करने हैं । मैं 2023 में सबसे तेज 400 मीटर की धाविका बनना चाहती हूं । मैं एशियाई खेलों में पदक जीतना चाहती हूं ।'' उसके लिए कोच में बदलाव भी जरुरी था ।





# ट्विंकल थी करण जौहर का पहला प्यार





बॉलीवुड के मशहूर निर्माता–निर्देशक करण जौहर 25 मई को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया। करण जौहर ने कई बेहतरीन फिल्में इंडस्ट्री को दी है। वह अपने बेबाक अंदाज के लिए भी जाने जाते हैं। अपनी फिल्मों में बेइंतहा प्यार दर्शाने वाले फिल्म करण जौहर 51 साल की उम्र में भी कुंआरे हैं। हालांकि वह सेरोगेसी के जरिए दो बच्चों के पिता बन चुके हैं। करण जौहर का जन्म 1972 में मुंबई में हुआ था। करण के पिता यश जौहर मशहूर प्रोड्यूसर और धर्मा प्रोडक्शन के फाउंडर थे। करण की पढ़ाई मुंबई के ग्रीन लॉन हाई स्कूल और एचआर कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स में हुई। करण के पिता उन्हें एक्टर बनाना चाहते थे। पढ़ाई पूरी करने के बाद करण जौहर ने अपने करियर की शुरुआत 1989 में दूरदर्शन के टीवी सीरियल श्रीकांत से की थी। पिता यश जौहर अक्सर उन्हें अभिनेता बनने की सलाह देते थे, लेकिन करण का निर्देशन की तरफ काफी रुझान था। करण ने बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। भले ही करण जौहर की शादी नहीं हुई हो लेकिन ऐसा नहीं है कि उनकी जिंदगी में कोई लड़की नहीं रही हो। करण जौहर का पहला प्यार ट्विंकल खन्ना थीं। ट्विंकल खन्ना और करण जौहर पंचगनी के बोर्डिंग स्कूल में एक साथ पढ़ा करते थे। इतना ही नहीं दोनों की दोस्ती के हर तरफ चर्चे थे। दोनों ही फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखते थे। जब ट्विंकल ने स्कूल बदला तो करण ने भी उसी स्कूल में एडमिशन ले लिया। एक बार तो करण ने स्कूल से भागने की भी कोशिश की थी, जिससे वो ट्विंकल से मिल सकें, लेकिन वो पकड़े गए और उन्हें पूरी स्कूल के सामने सजा मिली। एक इवेंट में करण ने कबूला था कि ट्विंकल दुनिया की इकलौती लड़की हैं, जिनसे वो प्यार करते थे। वहीं ट्विंकल ने भी अपनी ऑटोबायोग्राफी मिसेज फनीबोन्स के लॉन्चिंग इवेंट में बताया था कि करण ने उन्हें स्कूल में प्रपोज किया था। एक्ट्रेस ने कहा था कि करण मुझसे प्यार करता था। उस वक्त मेरी छोटी–छोटी मूंछें थीं। इतना ही नहीं वह हमेशा उन्हें देखकर कहता था कि मुझे तुम्हारी मूंछें काफी पसंद हैं। इन सब के बावजूद ये बात भी सच है कि करण जौहर की मोहब्बत एकतरफा थी। उनके लिए ट्विंकल खन्ना के दिल में कोई फीलिंग नहीं थी।



## बैकलेस ड्रेस में प्रियंका चोपड़ा ने करवाया बोल्ड फोटोशूट

एक्ट्रेस का कातिलाना अंदाज देख छूटे फैंस के पसीने

ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर फैंस के साथ अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। अब हाल ही में प्रियंका ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह अपनी कातिल अदाओं से फैंस को मदहोश करती नजर आ रही हैं। दरअसल, प्रियंका चोपड़ा ने कैलीफोर्निया में एक मैगजीन के लिए फोटोशूट करवाया है, जिसकी तस्वीरें उन्होंने फैंस के साथ शेयर की हैं। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि प्रियंका अलग–अलग सेक्सी आउटफिट में नजर आ रही हैं। ब्लू और नियोन कलर के बैकलेस गाउन में देसी गर्ल बोल्डनेस का तड़का लगा रही हैं। इस आउटफिट में एक्ट्रेस बेहद किलर लग रही हैं और अपनी टोन्ड बॉडी फ्लॉन्ट कर रही हैं। वहीं अन्य तस्वीरों में भी प्रियंका कातिलाना पोज दे रही हैं। फैंस एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देख मदहोश हो रहे हैं और कमेंट कर उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं। बता दें, प्रियंका चोपड़ा हाल ही में अपनी कजिन एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आप नेता राघव चड्ढा सगाई में शामिल होने इंडिया आई थी और अपने लुक को लेकर खूब सुर्खियां बटोरी थीं। वर्कफ्रंट पर एक्ट्रेस जल्द ही इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट हेड्स ऑफ स्टेट की शूटिंग शुरू करेंगी।

## द केरल स्टोरी एक्ट्रेस अदा मुश्किलों में घिरीं

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म द केरल स्टोरी को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म के जरिए अदा को जबरदस्त लोकप्रियता मिल है। हालांकि, अदा शर्मा को सफलता के साथ–साथ कुछ परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में एक्ट्रेस की पर्सनल कॉन्टैक्ट डिटेल ऑनलाइन लीक हो गई है। पर्सनल कॉन्टैक्ट डिटेल लीक होने की वजह से अदा शर्मा को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक इंस्टाग्राम यूजर ने अदा का नंबर लीक किया है। साथ ही यूजर ने अदा का नया कॉन्टैक्ट नंबर भी लीक करने की धमकी दी है। हालांकि जिस अकाउंट से नंबर लीक किया गया वो डीएक्टिवेट हो गया है। अदा शर्मा के फैंस उनसे साइबर सेल में इस यूजर के खिलाफ एक्शन लेने की मांग कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आखिर कब तक अदा शर्मा को धमकाने की कोशिश जारी रहेगी, इस शख्स के खिलाफ पुलिस को सख्त से सख्त कार्यवाही करनी चाहिए।

## कैनेडी में सनी की हंसी को परफेक्ट करने पर अड़े रहे थे अनुराग कश्यप



एक्ट्रेस सनी लियोनी अनुराग कश्यप की फिल्म कैनेडी से कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म एक अनिद्राग्रस्त पूर्व पुलिस अधिकारी केनेडी की कहानी है, जिसे सालों से मृत मान लिया गया है। सनी लियोन ने फिल्म में चार्ली नाम की एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी हैं। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा यह एक जटिल किरदार है। वह जिस चीज को सबसे ज्यादा छिपाती है, वह है हंसी। मेरा मानना है कि वह एक ऐसी महिला है जो दो अलग–अलग दुनिया में फंसी हुई है, एक वह है जिसमें वह रहना चाहती है और एक वह है जिसमें वह फंसी हुई है। मुझे इस किरदार को निभाने में बहुत मजा आया। वह हर पल जितना संभव हो सके, उतना मजबूत होने की पूरी कोशिश कर रही है। फिल्म में लियोन की हंसी बेहद खास है। उन्होंने बताया कि मेरी हंसी को मेरे करेक्टर से मैच करने के लिए कश्यप अड़े रहे थे। एक्ट्रेस ने वैराइटी को बताया यह कुछ ऐसा है, जो मैंने पहले कभी नहीं किया, इसलिए मुझे काफी प्रैक्टिस करनी पड़ी। मैंने कार चलाने की प्रैक्टिस की, मैंने अपने परिवार, अपने बच्चों, अपने पति, अपने दोस्तों के सामने प्रैक्टिस की। मैंने सेट पर गाने की शूटिंग या किसी चीज की शूटिंग के बीच में चार्ली की तरह हंसने की प्रैक्टिस की। एक्ट्रेस ने कहा, इस तरह, जब मैं सेट पर पहुंची, तो यह मेरे सिस्टम से बाहर था, ऐसा कुछ नहीं था जिसके बारे में मुझे अजीब लगा हो, यह सिर्फ मेरे करेक्टर का हिस्सा था।

## ब्लडी डैडी का ट्रेलर आउट एक्शन अवतार में नजर आए शाहिद कपूर

शाहिद कपूर, जिन्होंने हाल ही में अपनी ओटीटी डेब्यू सीरीज़ फ़र्ज़ी के साथ प्रशंसकों का मनोरंजन किया, अपनी आगामी

सीरीज को जियो सिनेमा पर सीधे ओटीटी रिलीज के लिए चुना जा रहा है। फिल्म के पोस्टर और टीज़र के बाद प्रशंसकों के बीच

ट्रेलर के मुताबिक, शाहिद कपूर कोकीन के एक बैग के लिए अपराधियों के एक गिरोह से लड़ते नजर आएंगे। हालांकि, यह एक रहस्य बना हुआ है कि अभिनेता के चरित्र को किस बात का खतरा है। रोनित रॉय और संजय कपूर अन्य दुष्ट लोग हैं जो अपनी हेरोइन की खेप के लिए शाहिद के पीछे पड़े हैं। ट्रेलर को शाहिद ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर भी शेयर किया। उन्होंने क्लिप को एक कैप्शन के साथ साझा किया, एक नरक की एक खूनी रात ... ट्रेलर अब बाहर! पोस्ट में सभी को चौंकाते हुए उन्होंने यह भी खुलासा किया कि फिल्म स्ट्रीम करने के लिए स्वतंत्र होगी। शाहिद कपूर, जो अपने ऑन–स्क्रीन व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं, अपने आगामी ब्लडी डैडी के साथ प्रशंसकों को उनके सोफे से चिपकाए रखने के लिए तैयार हैं, जिसका प्रीमियर जियो सिनेमा पर होगा। निर्माताओं ने टीज़र जारी करने के बाद, ट्रेलर के साथ प्रशंसकों का मनोरंजन किया। एक्शन से भरपूर मनोरंजक ट्रेलर पावरपैक सीक्वेंस से भरा है जहां जब वी मेट अभिनेता अपना उग्र रूप दिखाते हुए दिखाई दे रहे हैं। अपने अनुकूल लुक से शुरू करते हुए जब वह खलनायक के रूप में अपने स्वैग में चलते हैं, तो दर्शक उन्हें इस रूप में देखकर

और संजय कपूर खलनायक के रूप में नजर आएंगे, जो अपने

ज़िंदा है जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध अली अब्बास जफर शाहिद कपूर के साथ पहली बार काम कर रहे हैं, उन्होंने शाहिद को एक अलग अंदाज में परदे पर पेश किया।



## नवाजुद्दीन ने द केरल स्टोरी बैन पर कहा... किसी फिल्म में सामाजिक एकता को बिगाड़ने की ताकत हो तो ये बहुत गलत है

फिल्म द केरल स्टोरी सिनेमाघरों में शानदार कमाई कर रही है। नवाजुद्दीन सिद्दिकी ने फिल्म पर बैन को लेकर कहा– अगर किसी फिल्म में लोगों के सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की क्षमता हो तो ये

हर्ट करे वो गलत है।

**नवाजुद्दीन सिद्दीकी द केरल स्टोरी बैन पर बोले**

सुदीप्तो सेन के निर्देशन में बनी फिल्म द केरल स्टोरी सिनेमाघरों में धुआंधार कमाई कर रही है। वहीं कुछ जगहों पर फिल्म को विवादों के चलते बैन भी झेलना पड़ा। अनुराग कश्यप ने हाल ही में फिल्म को लेकर सपोर्ट करते हुए ट्वीट किया था और अब नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने बैनको लेकर अपना रिएक्शन दिया है।

हाल ही में अनुराग कश्यप ने फिल्म पर बैन के खिलाफ ट्वीट किया

हो, काउंटर प्रोपेगेंडा हो, आपत्तिजनक हो या नहीं, इस पर बैन लगाना गलत है।

**कोई भी फिल्म या नॉवल जो किसी को हर्ट करे वो गलत है**


जब नवाजुद्दीन को अनुराग कश्यप के इस ट्वीट के बारे में बताया गया तो एक्टर फिल्ममेकर से सहमत नजर आए। उन्होंने एक न्यूज पोर्टल से बातें करते हुए कहा– कोई भी फिल्म या नॉवल जो किसी को हर्ट करे वो गलत है। उन्होंने कहा कि हम फिल्में ऑडियंस या उनकी भावनाओं को हर्ट करने के खयाल से नहीं बनाते।

**सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की क्षमता हो तो ये बहुत गलत है**

उन्होंने कहा– फिल्में लोगों में सामाजिक एकता और प्यार को बढ़ावा देनेवाली हो। उन्होंने कहा कि ये हमारी जिम्मेदारी है कि हम इसे बढ़ाएं। उन्होंने कहा, अगर किसी फिल्म में लोगों के सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की क्षमता हो तो ये बहुत गलत है। उन्होंने कहा– हमें इस दुनिया को जोड़ना है।

**फिल्म पर लगा बैन को हटाने का कोर्ट का आदेश**

सुदीप्तो सेन के निर्देशन में बनी फिल्म द केरल स्टोरी सिनेमाघरों में धुआंधार कमाई कर रही है। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा इस फिल्म पर लगाए बैन के बाद पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने इसे हटाने का आदेश दिया। हालांकि, कई सिनेमाघर अभी भी इस फिल्म को दिखाने से हिचक रहे हैं। केरल में भी इस फिल्म को लेकर विरोध जैसा माहौल दिखा, क्योंकि इसे काफी कम जगहों पर रिलीज किया गया था। फिल्म को लेकर जो माहौल बना था उसे देखकर लोग भी कम निकल रहे थे। ट्रेलर रिलीज के साथ ही विवादों से घिरी इस फिल्म के रिलीज के साथ ही पश्चिम बंगाल में बैन लगा दिया गया था। कोर्ट के आदेश के बाद फाइनली सिंगल स्क्रीन पर फिल्म प्रदर्शित की जा रही है और इसे ऑडियंस का अच्छा रिस्पॉन्स भी मिल रहा है।





## जब आमिर ने लगान की कहानी सुनते ही फिल्म को कर दिया था रिजेक्ट

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान को सुपरहिट फिल्मों के लिए जाना जाता है। अपने करियर में अभिनेता ने एक से बढ़कर एक ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। इनमें से ही एक फिल्म है, जिसने रिलीज के बाद इतिहास रच दिया था। हम बात कर रहे हैं फिल्म लगान की। यह फिल्म ऑस्कर में नामांकन पाने में भी कामयाब रही थी। आज के थ्रोबैक थर्सडे में हम आपको इससे ही जुड़ा किस्सा बताने जा रहे हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि जिस लगान फिल्म ने आमिर खान के करियर का ग्राफ काफी ऊंचा कर दिया था, वह उसमें काम करने के लिए राजी तक नहीं थे। इस बात खुलासा अभिनेता ने खुद एक इंटरव्यू के दौरान किया था। उन्होंने बताया था कि जब आशुतोष उनके पास फिल्म की कहानी लेकर पहुंचे तो पहली बार उन्हें यह बिल्कुल भी पसंद नहीं आई। आमिर ने इंटरव्यू के दौरान बताया था, मैंने आशुतोष को समझाया कि तुम्हारी पिछली दो फिल्में फ्लॉप रही हैं। तुम थोड़ा अच्छा काम कर लो। मेरी यह बातें सुनकर वह निराश हो गए और तीन महीने के लिए कहीं गायब हो गए। आमिर आगे यह भी बताया था कि इसके बाद भी आशुतोष ने उनका पीछा नहीं छोड़ा और तीन महीने बाद दोबारा आमिर को फोन किया। इसके बाद दोनों की फिर से मुलाकात हुई। इस बार आमिर को कहानी में बदलाव पसंद आया। भले ही अभिनेता को फिल्म की स्टोरी पसंद आ गई थी, लेकिन वह इस बड़े बजट की फिल्म को प्रोड्यूस करने से कतरा रहे थे। हालांकि, बाद में वह मान गए और फिल्म के निर्माता के तौर पर जुड़ गए। रिलीज के बाद यह फिल्म लोगों को काफी पसंद आई। बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म ने अच्छा बिजनेस किया।